UNIVERSAL LIBRARY
OU_186218
UNIVERSAL LIBRARY

OUP—552—7-7-66—10,000

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. H491.8 S97S Accession No. H181

Author सातवलेकर, दामोदर

Title संस्कृत का स्वयं-शिक्षक

This book should be returned on or before the date last marked below.

ओ३म्

संस्कृत का स्वयं-शिक्षक

द्वितीय भाग

लेखक—

श्रीपाद दामोदर सातवलेकर

(अथर्ववेद का स्वाध्याय, अग्नि सूक्त, वैदिक देवता, वैदिक सभ्यता, वेद में जन्तु शास्त्र वेद में वैद्यशास्त्र, उत्तम ज्ञान इत्यादि पुस्तकों का लेखक)

प्रकाशकः—

राजपाल—प्रबन्धकर्त्ता

सरस्वती आश्रम लाहौर

[ती]सरी बार 1000

सम्वत् १९७८
सन् १९२१

मूल्य १।)
सजिल्द १॥)

॥ ओ३म् ॥

सावधान होकर पढ़ें

जिस समय "संस्कृत स्वयंशिक्षक" का पहला भाग प्रकाशित किया गया, उस समय न इसके निर्माण कर्त्ता श्री० पण्डित सातवलेकर जी को और न मुझे ही आशा थी, कि यह पुस्तक जो सर्वथा नई शैली पर लिखी गई है [illegible] सन्मान पायगी, कि इसका पहला संस्करण [illegible] समाप्त हो जायगा। उर्दू हिन्दी समाचार [illegible] कर इसकी प्रशंसा की, स्थान नहीं [illegible] उनकी सम्मतियों का इस जगह उल्लेख किया जा[illegible]न, जिसमें बड़े २ प्रसिद्ध कीर्तिवान सनातनधर्मी [illegible] आर्य्यसमाजी दोनों संमिलित हैं, हृदय से इसका स्वागत किया। वह लोग, जो संस्कृत भाषा को अति कठिन समझ कर इसकी पढ़ाई से निराश होचुके थे, उन्होंने इसके प्रथम भाग को पढ़कर संस्कृत के पवित्र मन्दिर में प्रवेश किया। सबसे अधिक खुशी की बात यह है कि इस पुस्तक से मुसलमान भाइयों ने भी लाभ उठाया और इसकी शैली को पसन्द किया। इस सन्मानता के लिये मैं पण्डित जी की ओर से और अपनी ओर से जनता का धन्यवाद करता हूं, और संस्कृत के प्रचारकों की दृष्टि इस ओर आकर्षित करता हूं, कि जिस पुस्तक के द्वारा केवल चार मास में एक हज़ार मनुष्यों में संस्कृत का प्रचार होगया, क्या उनका कर्तव्य नहीं कि वह उस पुस्तक का अपने विद्यालयों, पाठशालाओं और गृहों में प्रचार करके लेखक के उत्साह को बढ़ाएं॥

पुस्तक के प्रथम भाग की अपेक्षा यह दूसरा भाग बहुत बड़ा है और उन दिनों की अपेक्षा कागज़ का मूल्य भी बहुत बढ़ चुका है तो भी इसका मूल्य केवल १।) सवा रुपया रक्खा गया है। इसका वास्तविक मूल्य पाठकों के लिये इतना ही है कि वह संस्कृत का प्रचार करने के लिये इस पुस्तक को अपने इष्ट मित्रों से सिफ़ारश करें॥

दूसरी बार की भूमिका।

संस्कृत से लोगों की उपराम वृत्ति को देखकर मुझे आशा न थी कि इस पुस्तक को दूसरी बार छापने का सौभाग्य प्राप्त होगा परन्तु परमात्मा का धन्यवाद है कि उसने आज यह शुभ दिन दिखलाया। इसके लिये मैं फिर संस्कृत के प्रेमियों का धन्यबाद करता हूँ॥

प्रकाशक

राजपाल

(उप सम्पादक "प्रकाश") लाहौर।

इस पुस्तक का अभ्यास करने का प्रकार।

(१) इस पुस्तक का अभ्यास प्रारंभ करने से पूर्व इस पुस्तक के ७ पृष्ठ पर दिये हुये प्रश्नों का यथायोग्य उत्तर देना चाहिये।

(२) प्रश्नों का उत्तर देने के पश्चात् प्रथम पाठ तक जो कुछ लिखा हुआ है उसे पढ़ना। तत् पश्चात् प्रथम पाठ से पढ़ने का प्रारम्भ पाठक कर सकते हैं।

(३) हर एक पाठ का अभ्यास करने का प्रकार यह है:—

(अ) प्रथम सब पाठ को एक बार पढ़ें।

(इ) तत पश्चात् उस २ पाठ में जो व्याकरण के नियम आदि लिखे हैं उनको अच्छी प्रकार स्मरण करें। तथा हर-एक नियम के जो उदाहरण दिये हैं उनको विचार की दृष्टिसे देख, अच्छी प्रकार जान, नियमानुकूल उनको घटाकर देखें।

(उ) इतना होने के बाद जिन २ शब्दों के रूप उस उस पाठ में दिये गये हैं उनको कन्ठ कर, पूर्व पाठों के शब्दों के साथ उनको तुलना करके, उनकी विशेषता की ओर खास ध्यान देदें। तथा चलाये हुवे शब्दों के साथ २ जो २ समान शब्द दिये हैं उनको उसी प्रकार चला कर उनके सब रूप लिखें।

(ऋ) जब शब्द ठीक प्रकार स्मरण हों, तब उस पाठ में दिये हुवे संस्कृत वाक्य, उनके भाषा में दिये हुये अर्थ की ओर न देखते हुए पढ़ें।

(लृ) संस्कृत वाक्य तथा संस्कृत पाठ पढ़ने के समय भाषा के अर्थ की ओर न देखते हुये हर एक वाक्य तथा हरएक संस्कृत पाठ बड़ी आवाज़ में पढ़ें। आवाज़ इतनी बड़ी हो कि जो १५, २० आदमी अच्छी प्रकार सुन सकें।

(ए) हर एक संस्कृत पाठ न्यून से न्यून दस बार पढ़ना तथा पढ़ने के समय भाषा में दिये हुए अर्थों से जहां तक हो सके वहां तक सहायता नहीं लेनी। परन्तु पूर्व दिये हुए शब्द तथा वाक्य देखकर अपने आप अर्थ करने का यत्न करना। जो पाठक पूर्व पाठ ठीक तैयार करके आगे चलेंगे उनको इस प्रकार अर्थ जानने में कोई कठिनता नहीं होगी।

(ऐ) जहां परीक्षा के प्रश्न दिये हैं वहां उनके उत्तर दिये बिना आगे नहीं बढ़ना अन्यथा दुबारा पढ़ने का व्यर्थ कष्ट उठाना पड़ेगा।

(ओ) जहां पूर्व पाठ दुबारा पढ़ने के लिये लिखा है, वहां पाठक अवश्य उनको दुबारा पढ़े। यद्यपि उनकी राय में पूर्व के पाठ उनको ठीक स्मरण होंगे। तो भी दुबारा पढ़ना उनके लाभ के लिये ही होगा यह उन्हों ने ध्यान रखना चाहिये।

(औ) हर एक पाठ में कई विशेषण दिये हैं। उनके रूप विशेष्य के अनुसार किस प्रकार बदलते रहते हैं यह बात विशेष सूक्ष्म दृष्टि से देखनी उचित है।

(अं) प्राचीन ग्रन्थों में से जो जो कथायें दी हुई हैं उनको प्रारम्भ से अन्त तक स्मरण (याद) करना उचित है। जो पाठक उनको अच्छी प्रकार स्मरण (याद) करेंगे न केवल वे अच्छी संस्कृत बोल सकेंगे परन्तु प्रौढ़ संस्कृत में व्याख्यान भी दे सकेंगे। परन्तु जो पाठक इन कथाओं को स्मरण नहीं करेंगे वे इस योग्यता से वञ्चित रहेंगे।

(अः) हर एक पाठ में दिये हुवे समास विवरण को ध्यान से देखना उचित है। इस प्रकार जो पाठक पढ़ेंगे उनका ही इस पुस्तक माला से लाभ हो सकेगा॥ ग्रन्थ लेखक

'संस्कृत स्वयं शिक्षक' के प्रथम भाग

की

परीक्षा के नियम।

(१) परीक्षा के लिये २ घण्टे का समय निश्चित है।

(२) प्रश्नों के उत्तर लिखने के समय पुस्तक, देख कर लिखना नहीं चाहिए। परन्तु केवल स्मरण से लिखना चाहिये।

(३) जिनको आर्यभाषा (हिंदी) के नागरी अक्षर लिखने का बहुत अभ्यास नहीं ऐसे उर्दूदान भाइयोंके लिये चार घण्टे का समय दिया जा सकता है। परन्तु शर्त यह है कि पाठक जिस समय प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिये बैठें उस समय से लेकर उत्तर का लेख समाप्त होने तक बीच में उठे नहीं।

(४) प्रश्नों के उत्तर लिखे जाने पर उसी समय उस लेख को बंद करके डाक द्वारा मेरे पास रवाना करना चाहिए और साथ अपना पूरा पता देना चाहिए। ताकि परिणाम की सूचना भेजी जासके।

(५) जो समय के अंदर ठीक उत्तर देंगे वे दूसरा भाग प्रारंभ कर सकते हैं। जो समय के अंदर संपूर्ण प्रश्नों का उत्तर न दे सकेंगे उनके लिये आवश्यक है कि वे प्रथम भाग को दुबारा पढ़ें अथवा मेरे उत्तर का इंतज़ार करें, और जिन २

हिस्सों को दुबारा देखने के लिये मैं लिखूंगा उन २ को दुबारा देखें तत्पश्चात दूसरे भाग को प्रारम्भ करें ।

(६) प्रश्नों का उत्तर स्याही से कागज़ के एक ओर लिखना चाहिये और जहां तक हो सके पढ़ा जाने योग्य सुवाच्य लिखना चाहिये।

(७) जो शुद्ध किये हुये प्रश्न पत्र अपने देखने के लिये वापिस चाहते हैं वे एक आनेक टिकट भेजने की कृपा करें।

(८) उत्तर लिखने से पहिले पाठकों को उचित है कि वे सब प्रश्नों को एक बार पढ़ें । और बाद उत्तर लिखना प्रारम्भ करें ।

आशा है कि पाठक इन नियमों का पालन करेंगे ।

संस्कृत स्वयं शिक्षक प्रथम भाग की

परीक्षा के प्रश्न

(१) निम्न शब्दों का अर्थ भाषा में लिखिये:—

दासः । मह्यम् । तस्मै । खनति । क्व । पादत्राणं । मिष्टम् । रजकः । हसनम् । विष्टरः । पुत्रेण । पिहितम् । नेत्राभ्याम् । विषम् । प्रपा । तड़ागः । निःशेषं । परीक्ष्य ।

(२) निम्न लिखित शब्दों के लिये संस्कृत शब्द दीजिये:—
तब । वैसा । सियाही । कलम । पूरी । देख । कह । मेरे लिये । पीयेगा । नहीं तो । गिर गया । कीचड़ । आओ । प्रवीण । गया । टेबल । खोला । गेंद । घूमना । दोस्त । जंगल । गुन्हा ।

(३) जिस प्रकार 'गच्छति' क्रिया के 'गच्छति, गच्छसि, गच्छामि, गमिष्यति, गमिष्यसि; गमिष्यामि, ऐसे रूप बनते हैं, उस प्रकार निम्न क्रियाओं के उक्त प्रकार के छै छै रूप लिखिए:—

नयति । आगच्छति । पठति । पिबति भवति प्रक्षालयति । स्थापयति । पीडयति । दर्शयति । परीक्षते । पालयति ।

(४) जैसे 'पठति' के 'पठित्वा, पठितुं' ये दो रूप बनते निम्नक्रियाओं के दो दो रूप देकर उनका अर्थ दीजियेः–

पालयति। दर्शयति। करोति। चलति । नयति पिबति । खादति। गृह्णाति। स्थापयति । अटति लिखति । भक्षयति।

(५) निम्न शब्दों को संधि जोड़कर लिखिये:—

कदा + अपि। न + एव । न + अस्ति। पुष्पं + आनय । अधुना + आलेख्यं + आनयति । त्वं + अत्र । यद् + अत्र। त्वं + अपि।

(६) जोड़े हुये निम्न शब्दोंको खोलकर अलग २ लिखिए—

१ त्वमिदानीं जलमानयसि ।

२ स कदात्र पुस्तकमानेष्यति।

३ कपाटमुद्घाट वाहमभ्यन्तरे तेन सहागन्तुमिच्छामि ।

४ पूर्वमहमद्य किमपि कर्तुमिच्छामि ।

५ यदहमिदानीं त्वामाज्ञापयामि किमति न करोषि तत्।

६ स इदानीमेव गृहाद्बहिर्गतः ।

७ भोजनायाद्य पक्वमन्नमानयति ।

(७) निम्नलिखित विशेषणों के पुल्लिंगी, स्त्रीलिंगी, नपुन्सक-लिंगी रूप दीजिये:—

श्वेत । मधुर। शोभन। उद्यमशील। अंध। पीत रक्त। सर्व। पुष्ट। कृत। दृष्ट। शीत। उष्ण । शुद्ध । योग्य।

(८) निम्न वाक्यों का अनुवाद भाषा में कीजिये:—

१ तस्य वस्त्रं मया प्रक्षालितम् ।

२ तेन बालकेन तस्मै वृषभाय प्रभूतं शुद्धं जलं दत्तम् ।

३ यज्ञमित्रः प्रातः काले शुद्धे स्थाने उपविश्य एकाग्रेण मनसा संध्यां अग्निहोत्रं च करोति ।

४ अहं एतत् पुस्तकं गृहं नयामि ।

५ तस्मिन् स्थाने श्वनः अस्ति, तं गृहीत्वा शीघ्रं अत्र आगच्छ ।

६ स प्रातः प्रतिदिनं कुत्र गच्छति ।

७ यथा वानरः वृक्षं आरोहति न तथा मनुष्यं कर्तुं शक्नोति ।

(८) भाषा के निम्न वाक्यों के संस्कृत वाक्य लिखिए:—

(१) बंदर रात्रि में वृक्ष के ऊपर सोता है ।

(२) वैद्य रोगी मनुष्य के लिये दवा देता है ।

(३) सुनार सोने का गहना बनाता है ।

(४) उसके घर घोड़ा है तथा बिल्ली भी है ।

(५) तू कल सवेरे घूमने के लिये चलेगा ।

(६) उस बालक ने वहां तालाब में एक मेंडक देखा ।

(७) वह कलकत्ता शहर में रहता है उसका नाम वंशधर है

(८) ठग के मुंह में मीठा भाषण तथा हृदय में विष होता है

(९) मैं आँखों से देखता हूं और मुख से पढ़ता हूँ ।

(१०) वह शूर पुरुष अब जंग में गया है

(११) पाठ ४४ में जो संस्कृत भाषा में नारद की कथा दी हुई है उसको पुस्तक खोलकर प्रथम तीन बार जल्दी पढ़िये फिर ध्यान से दो बार आहिस्ते २ पढ़िये। और पुस्तक बंद करके पुस्तक न देखते हुये उस कथा को जैसी लिख सकेंगे वैसी कागज़ पर लिखिये ।

[केवल इसी प्रश्न के लिये पाठक पुस्तक को देख सकते हैं]

(१२) किसी एक दिनका अपना व्यवहार संस्कृत में लिखिये सवेरे किस समय उठे स्नानादि किस समय किया। क्या २ अभ्यास किया। भोजन क्या किया। किन मित्रों से मिले। सायंकाल को क्या किया। किस समय सोये। इत्यादि जो कुछ लिखना उचित है ।

(१३) संस्कृत स्वयं शिक्षक के प्रथम भाग में जो धर्म के विषय के वाक्य आये हैं उनमें से जो जो आपको स्मरण हों वे वाक्य जैसे स्मरण हैं उन्हें वैसे ही लिखिये ।

(१४) निम्न वाक्य अशुद्ध हैं, इनको ठीक शुद्ध करके लिखिये

स वदामि।

त्वं गच्छमि ॥

अहं ह्यः तत्र गमिष्यामि ॥

त्वं श्वः मद्रास नगरं गतः

राम: संध्या करोमि,
अहं श्वेतं मालां आनयामि।
स रक्ता वस्त्रं गृह्णाति।
शुध्दा नवनीतं शोभनः अस्ति।
तत्र पक्वा फलं स भक्षयामि।

(१४) ऐसे चार वाक्य लिखिये कि जिनमें निम्न शब्दों का प्रयोग हुआ है। प्रत्येक वाक्य में एक या दो शब्द आ जांय

शीघ्र। अध्यापकः। रामस्य। आलस्यं। दीपं।
कोलाहलः। मंत्रः। नित्यं, ईश्वरः। मिष्ठम्॥

ॐ

संस्कृत भाषा के स्वयं शिक्षक

के

द्वितीय भाग के विषय में एक दो शब्द।

थोड़े दिनों के पूर्व मैंने 'संस्कृत का स्वयं शिक्षक' का प्रथम भाग प्रसिद्ध किया था। उस समय मुझे ऐसी आशा नहीं थी, कि २।३ महीनों के अंदर ही उसके प्रथम वार की पुस्तकें सब की सब लग जांयगी और द्वितीय भाग की मांग इतनी जलदी हा जायगी। परन्तु बड़ी खुशी की बात है कि इतने अल्प समय में प्रथम भाग की सब पुस्तकें प्रायः लग चुकी हैं और द्वितीय भाग की मांग बड़े ज़ोर शोर से हो रही है जिसकी पूर्ति के लिए यह द्वितीय भाग लिखा है।

इस द्वितीय भागमें प्रायः सब आवश्यक नाम तथा सर्वनामों के रूप बनाने का सुगम प्रकार बताया है। तथा संधि के अत्यंत आवश्यक नियम भी दियेहुए हैं। इसमें अभ्यासक्रम ऐसा रक्खा है कि जिससे पाठकगण नाटक, रामायण, महाभारत के

सुगम भागों को पढ़कर समझ सकें। रामायण, महाभारत, बाणभट्ट की कादंबरी, दशकुमार चरित, वेणीसंहार, मुद्रा राक्षस, शकुंतला, उत्तररामचरित, पंचतंत्र, हितोपदेश, कथा कुसुमांजली आदि संस्कृत पुस्तकोंसे उद्धृत किये हुए ३०, ४० कथाप्रसंग इस पुस्तकमें दिये हुए हैं। और शैली ऐसीरक्खी है कि, पाठक पढ़ते२ स्वयं इस योग्यताको प्राप्तहोंगे कि बिना किसी कीसहायता के उक्त कथाओं को स्वयं जान सकेंगे।

'संस्कृत स्वयं शिक्षक' कीशैली की विशेषता इस एक बातसे सिद्ध होती है, कि, इसके प्रथमभाग के पढ़ने से कइयों की योग्यता संस्कृत में बात चीत करने तथा पत्र लिखने तक पहुंच चुकी है। मेरे पास 'स्वयं शिक्षक' के पाठकों सेकई चिट्ठीयां संस्कृत में आयीं हैं। वे लिखते हैं कि संस्कृत में पत्र लिखने का धैर्य उनको केवल 'स्वयं शिक्षक' पढ़ने से ही हुआ है।

'स्वयं शिक्षक 'प्रणाली की विशेषकर दो खूबियां हैं एक खूबी यह है कि जो इन पुस्तकों का पढ़ते हैं उनमें संस्कृत अभ्यास के विषय में आत्म विश्वास बढ़ता है तथा दूसरी खूबी यह है कि, बड़ी आसानी से पढ़ने वालों का प्रवेश संस्कृत में होता है।

कई लोक पूंछते हैं कि, 'स्वयं शिक्षक' प्रणाली में ऐसा कौनसा जादू है, कि जिस से संस्कृत-भाषा इतनी जल्दी आजायगी। इस प्रकार के प्रश्न करने वालों को उत्तर इतना ही है कि वे हमारे छे पुस्तकों मसे न्यून से न्यून चार पुस्तकें पढ़ कर देखें कि हमारी प्रतिज्ञा क अनुकूल कार्य होता है अथवा नहीं। सच बात तो यह है कि जो 'स्वयं शिक्षक' की

पुस्तकें पढ़ेंगे, उनको कहने की आवश्यकता नहीं, और जो नहीं पढ़ेंगे उनको कहने से कोई लाभ नहीं। तथापि सर्व साधारण के लिये इतना कहा जा सकता है कि संस्कृत में हज़ार से अधिक धातु हैं। परन्तु सब धातु विशेष प्रयोग में आने वाले नहीं हैं, प्रायः तीनसौ धातु ऐसे हैं कि जिनका प्रयोग होकर सब संस्कृत ग्रंथ भंडार बना है। इन धातुओं से शब्दों का विस्तार कैसा होता है और उनके प्रयोग आसानी से किस प्रकार किये जा सकते हैं। इसका वर्णन तीसरे भाग में प्रारंभ होकर चौथे भाग में समाप्त होगा। ये दो भाग हमारी खास प्रणाली के दर्शक होंगे। तीसरे और चौथे भाग को पढ़ने की योग्यता पाठकों में उत्पन्न करने का कार्य प्रथम तथा द्वितीय भागों ने किया है। इसलिये आशा है कि, पाठक इनको पढ़ कर लाभ उठायेंगे।

लाहौर }
१-१-१७ }

ग्रंथकर्ता

मूलाक्षर—व्यवस्था।

(१) स्वर

अ आ, इ ई, उ ऊ, ऋ ॠ ऌ ॡ
ए ऐ, ओ औ, अं अः

(१) कण्ठ स्थान के स्वर—अ आ आ—३—०

(२) तालु ,, ,, —इ ई ई—३—०

(३) ओष्ठ ,, ,, —उ ऊ ऊ—३—०

[४] मूर्धा ,, ,, —ऋ ॠ ॠ—३—०

(५) दन्त्य ,, ,, —ऌ [*ॡ] ऌ—३—०

[६] कण्ठतालु ,,—ए ऐ

[७] कण्ठोष्ठ ,,—ओ औ

[८] अनुस्वार [नासिका स्थान]—अं, इं, ऊं, एं, इत्यादि

---

* ऌस्वर के लिये दीर्घ नहीं है। परन्तु ध्यान में रखना चाहिये कि, विवृत प्रयत्न ऌ वर्ण के लिये दीर्घत्व नहीं है, ईषत्स्पृष्ट प्रयत्न के ऌ वर्ण के लिये दीर्घत्व है। प्रयत्नों का विचार आगे के विभागों में होगा। [पृष्ठ १८देखो]

(९) विसर्ग (कण्ठ स्थान) ाः अः, इः, उः, ओः इ०

(१०) ह्रस्व स्वर अ, इ, उ, ऋ, लृ,

(११) दीर्घ स्वर आ, ई, ऊ, ॠ, (*ॡ)

(१२) प्लुत स्वर आ३, ई३, ऊ३, ॠ३, ॡ३,

ह्रस्व स्वर के उच्चारण की लम्बाई की एक मात्रा, दीर्घ स्वर का उच्चारण दो मात्रा, प्लुत स्वर का तीन मात्रा का उच्चारण होता है। अर्थात् जितना समय ह्रस्व के लिये लगता है, उससे दुगणा दीर्घ के लिये, तथा तीन गुणा प्लुत के लिये लगता है। दूर से किसी को पुकारने के समय अन्तिम स्वर प्लुत होता है जैसा ' हे धनंजया—३—० अत्र आगच्छ ' (हे धनंजया—३—०—यहां आ)

इस वाक्य में "धनंजय" के यकार में जो आकार है वह प्लुत है. और उसकी उच्चारण की लम्बाई तीन गुणा है, शहरों में मार्ग पर तथा स्टेशन आदि पर चीजें बेचने वाले अपनी चीजों के विषय में प्लुत स्वर से पुकारते हैं। जैसेः—

(१) —खटा—३—इयां—३—०

(२) हिंदू—पा—३—नी—३—०

(३) चा—गा—३—रम्—०

इत्यादि सैंकड़ों स्थानों पर प्लुत स्वर का श्रवण होता है, वेदों के मन्त्रों में जहां (३) तीन संख्या दी हुई रहती है, उसके पूर्व का स्वर प्लुत बोला जाता है। मुरगी 'कु—कू—कू—३' ऐसा आवाज़ देती है उसमें पहिला उ ह्रस्व, दूसरा दीर्घ तथा तीसरा प्लुत होता है।

इन स्वरों के भेदों के सिवाय 'उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, ऐसे प्रत्येक स्वर के तीन भेद हैं जो केवल वेद में आते हैं। इनका वर्णन आगे के विभागों में होगा। अ—अ—अ—ऐसे स्वर वेद में आते हैं।

(१३) गुण स्वर—अ, ए, ओ, अर्, अल्

(१४) वृद्धि स्वर—आ, ऐ, औ, आर्, आल्

उक्त गुण वृद्धि क्रम से अ, इ, उ, ऋ, लृ इन स्वरों की समझनी चाहिये। इस प्रकार स्वरों का सामान्य विचार समाप्त हुआ।

(२) व्यंजन

(१) कण्ठ स्थान—कवर्ग—क, ख, ग, घ, ङ

(२) तालु स्थान—चवर्ग—च, छ, ज, झ, ञ

(३) मूर्धा स्थान—टवर्ग—ट, ठ, ड, ढ, ण

(४) दन्त्य स्थान—तवर्ग—त, थ, द, ध, न

(५) ओष्ठ स्थान—पवर्ग—प, फ, ब, भ, म

इन पच्चीस व्यञ्जनों को 'स्पर्श वर्ण' कहते हैं।

(६) अन्तस्थ व्यञ्जन—य (तालु स्थान), व (दन्त्य तथा ओष्ठ स्थान). र (मूर्धास्थान); ल(दन्त्यस्थान)

'य्, र्, ल्, व्' इन चार वर्णों को "अन्तस्थ व्यञ्जन" कहते हैं।

(७) ऊष्म व्यञ्जन—श (तालव्य), ष (मूर्धन्य), स (दन्त्य) ह (कण्ठय)

'श्, ष्, स्, ह्' इन चार वर्णों को 'ऊष्म व्यञ्जन' कहते हैं।

(८) मृदु व्यञ्जन—ग, घ, ङ; ज, झ, ञ;
ड, ढ, ण; द, ध, न;
ब, भ, म; य, र, ल; व; ह

इन बीस व्यंजनों को मृदु व्यंजन कहते हैं। क्योंकि इनका उच्चारण मृदु—अर्थात् नरम, कोमल होता, है।

(९) कठोर व्यंजन—क, ख; च, छ; ट, ठ; त. थ;
प, फ; श, ष; स,

इन तेरह व्यंजनों को कठोर व्यंजन बोलते हैं। इसलिये कि इनका उच्चारण कठोर—अर्थात—सख्त होता है।

(१०) अल्प प्राण—व्यंजन—क, ग, ङ; च, ज, ञ;
ट, ड, ण; त, द, न;
प, ब, म; य, र, ल, व,

इन उन्नीस व्यंजनों को अल्प प्राण कहते हैं। क्योंकि इनका उच्चारण करने के समय मुख में हवा के ऊपर जोर नहीं दिया जाता।

(११) महा प्राण—व्यंजन—ख, घ; छ, झ;
ठ, ढ; थ, ध;
फ, भ; श, ष, स ह

इन चौदह व्यंजनों को महा प्राण कहते हैं। इसलिये कि इनके उच्चारण के समय मुख में हवा को बहुत दबाना पड़ता है

(१२) अनुनासिक व्यंजन—ङ, ञ, ण, न, म
ये पांच अनुनासिक कहलाते हैं। क्योंकि इनका उच्चारण नाक के द्वारा होता है।

(१३) कण्ठ नासिका स्थान—ङ
(१४) तालु नासिका „ —ञ
(१५) मूर्धा नासिका „ —ण
(१६) दन्त नासिका „ —न
(१७) ओष्ठ नासिका ” —म

इस प्रकार व्यंजनों की सामान्य व्यवस्था है। इन से जो और सूक्ष्म भेद हैं वे अगले विभागों में बताये जांयगे।

वर्णों की उत्पत्ति

मुख के अन्दर स्थान स्थान पर हवा को दवाने से भिन्न भिन्न वर्णों का उच्चारण होता है। मुख के अन्दर पांच विभाग किये हैं (प्रथम भाग में जो चित्र दिया है वह देखिये) उनको स्थान कहते हैं। इन पाँच विभागों में से प्रत्येक विभाग में एक एक स्वर उत्पन्न होता है। स्वर उनको कहते हैं कि जो एकही आवाज़ में बहुत देर तक बोला जा सके। जैसे—

अ	आ
इ	ई
उ	ऊ
ऋ	ॠ
ऌ	ॡ

('ऋ ऌ' स्वरों के उच्चारण के विषय में प्रथम भाग में जो सूचना दी हुई है उसको स्मरण रखना चाहिये। उत्तर हिन्दुस्थान के लोग इसका उच्चारण 'रो' तथा 'लरी' ऐसा करते हैं। यह बहुत ही अशुद्ध है। कभी ऐसा उच्चारण नहीं करना चाहिये। 'री' में 'र ई' ऐसे दो वर्ण मूर्धा और तालु स्थान के हैं। 'ऋ' यह केवल मूर्धा स्थान का शुद्ध स्वर है। केवल मूर्धा स्थान के शुद्ध स्वर का उच्चारण मूर्धा और तालु

स्थान के दो वर्ण मिला कर करना अशुद्धि है और उच्चारण की दृष्टि से बड़ी भारी गलती है।

'ऋ' का उच्चारण, "ध ॰ ॰ ॰ ॰ ॰ र्म" धर्म शब्द बहुत लम्बा बोला जाय, और ध और म के बीच का रकार बहुत वार बोला जाय तो उस में से एक रकार के आधे के बराबर है। इस प्रकार जो 'ऋ' बोला जाता है वह एक जैसा लम्बा बोला जासकता है। छोटे लड़के आनन्द से अपनी जिव्हा को हिला हिला कर इस ऋकार को बोलते रहते हैं।

जो लोग इसका उच्चारण 'री' करते हैं उनको ध्यान देना चाहिये कि 'री' लम्बी बोलने पर केवल 'ई' रहती है। जो कि तालु स्थान की है। इस कारण यह 'री' उच्चारण सर्वथैव अशुद्ध है।

'लृ' कार का 'लरी' उच्चारण भी उक्त कारणों से अशुद्ध है। उत्तरीय लोगों को चाहिये कि वे इन दो स्वरों का शुद्ध उच्चारण करें। अस्तुः—

पूर्व स्थान में कहा है कि, जिनका लम्बा उच्चारण होता है वे स्वर कहलाते हैं। गवय्ये लोग स्वरों को ही गा सकते हैं। व्यञ्जनों को नहीं। क्योंकि व्यञ्जनों का लम्बा उच्चारण होता ही नहीं। इन पांच स्वरों में भी 'अ इ उ' ये तीन स्वर अखंडित पूर्ण हैं और 'ऋ, लृ' ये खंडित स्वर हैं। पाठकगण इनके उच्चारण की ओर ध्यान देंगे तो उनको पता लगेगा कि इनको खंडित तथा अखंडित क्यों कहते हैं। जिनका उच्चारण एक

जैसा होता है वे अखण्डित पूर्ण स्वर होते ह तथा जिन का उच्चारण एक रस नहीं होता है उनको खण्डित बोलते हैं ।

इन पांच स्वरों से व्यञ्जनों की उत्पत्ति हुई है, जिस का क्रम आगे दिया है:—

मूल स्वर

अ इ ऋ ऌ उ

इनको दबा कर उच्चारण करते २ एक दम उच्चारण बन्द करने से निम्न लिखित व्यञ्जन बनते हैं ।

ह य र ल व

इनका मुख से उच्चारण होने के समय हवा के लिये कोई रुकावट नहीं होनी। जहां इनका उच्चारण होताहै उसी स्थान पर पहिले हवाका आघात करके फिर उक्त व्यञ्जनों का उच्चारण करने से निम्न व्यञ्जन बनते हैं:—

घ झ ढ ध भ

इनको ज़ोर से बोला जाता है । इनके ऊपर जो बल—ज़ोर होता हैं, उस ज़ोर को कम करके यही वर्ण बोले जायं तो निम्न वर्ण बनते हैं:—

ग ज ड द ब

इनका जहां उच्चारण होता है उसी स्थान के थोड़े से ऊपर के भाग में विशेष बल न देने से निम्न वर्ण बनते हैं:—

क च ट त प

इनका हकार के साथ ज़ोरदार उच्चारण करने से निम्न वर्ण बनते हैं:—

ख छ ठ थ फ

अनुस्वार पूर्वक इनका उच्चारण करने से इन्हीं के अनुनासिक बनते हैं:—

अङ्क पञ्च घण्टा इन्द्र चम्बल

सकार का तालु, मूर्धा तथा दंत्य स्थान में उच्चारण किया जाय तो क्रम से श्, ष्, स् ऐसा उच्चारण होता है। 'ल' का मूर्धा स्थान में उच्चारण करनेसे 'ळ' बनता है।

इस प्रकार वर्णों की उत्पत्ति होती है। इस व्यवस्था से वर्णों के शुद्ध उच्चारण का भी पता लग सकता है।

ऊपर जहाँ जहां व्यंजन लिखे हैं वे सब 'क, ख, ग. ऐसे अकारान्त लिखे हैं। इससे उच्चारण करने में सुगमता होती है। वास्तव में वे 'क्, ख्, ग्" ऐसे अकार रहित हैं इतनी बात पाठकों के ध्यान धरने योग्य है।

वर्णों के ऊपर बहुत विचार संस्कृत में किया हुआ है। उस में से एक अंश भी यहां नहीं दिया। हमने जो कुछ थोड़ा सा दिया है उस से पाठकों के ध्यान में आजायगा कि संस्कृत की वर्णव्यवस्था बहुत सोचकर बनाई हुई है। अन्य भाषाओं की तरह ऊट पटांग नहीं है।

संस्कृत में कोमल पदार्थों के नाम कोमल वर्ण में पाये जाते हैं। जैसाः—कमल जल, अन्न, इत्यादि।

कठोर पदार्थों के नाम में कठोर वर्ण पाये जायंगे। जैसाः—खर, प्रस्तर, गर्दभ, खड्ग इत्यादि।

कठोर प्रसंग के लिये जो शब्द होंगे उन में भी कठोरवर्ण पाये जायगे। जैसाः—युद्ध, विद्रावित, भ्रष्ट, शुष्क इत्यादि।

आनन्द के प्रसंगों के लिये जो शब्द होंगे उनमें कोमल अक्षर पाये जायंगे। जैसाः—आनन्द, ममता, सुमन, दया इत्यादि।

इस प्रकार बहुत लिखा जा सकता है। परन्तु विस्तार भय से यहां इतना ही पर्याप्त है। यह वर्णन यहां इस लिए लिखा है कि पाठकगण भी इस प्रकार सोचते रहेंगे, तो उन को आगे जाकर बड़ा लाभ होगा; तथा प्रसंग के अनुसार शब्दों को प्रयोग में लाकर संस्कृत के वाक्यों में वे विशेष गौरव ला सकेंगे। आशा है कि पाठक इसका विचार करेंगे॥



संस्कृत का स्वयं शिक्षक

द्वितीय भाग

१—प्रथमः पाठः ॥

जिन पाठकों ने 'संस्कृत स्वयं शिक्षक" का प्रथम भाग अच्छी प्रकार पढ़ा है, और उस में जो वाक्य तथा नियम दिये हुए हैं उनको ठीक ठीक याद किया है, तथा जिन्होंने प्रथम भाग के परीक्षा प्रश्नों का उत्तर ठीक ठीक दिया है अर्थात जो परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं, उनको ही द्वितीय भाग के अभ्यास से लाभ होगा। जो प्रथम भाग की पढ़ाई ठीक प्रकार न कर द्वितीय भागको प्रारम्भ करेंगे उनकी पढ़ाई आगे जाकर ठीक ठीक नहीं होगी, तथा वे लोग अपनी संस्कृत में उन्नति नहीं कर सकेंगे। इसलिए पाठकों से प्रार्थना है कि वे किसी अवस्था में भी शीघ्रता न करें: तथा पहली पढ़ाई कच्ची रखकर आगे बढ़ने का यत्न न करें।

संस्कृत भाषा उन लोगों के लिये सुगम होगी जो "स्वयं शिक्षक" की शैली के साथ२ अपनी पढ़ाई करेंगे। परन्तु जो शीघ्रता करेंगे और कच्ची भूमि पर मकान बनायेंगे। उनको आगे बहुत मुश्किल में फंसना पड़ेगा। इसलिये पाठक लोगों को उचित है कि. वे प्रथम, द्वितीय, तथा तृतीय भागों में दिये

हुए किसी विषय को कच्चा न रक्खें. और बार बार उसको याद करके सब विषयों को जागृति सदैव रखने का यत्न करें।

जिन पाठकों ने "स्वयं शिक्षक" का प्रथम भाग पढा होगा, उनके मन में इस शिक्षा प्रणाली की सुगमता विस्पष्ट हो गयी होगी। इस दूसरे पुस्तक से पाठकों की योग्यता निःसंदेह बहुत बढेगी। इस पुस्तक में ऐसी व्यवस्था की हुई है कि इसके पढ़ने से पाठक न केवल संस्कृत में अच्छी प्रकार बातचीत करने में समर्थ होंगे, परन्तु वे रामायण महाभारत तथा नाटक आदि संस्कृत ग्रन्थों के सुगम अध्यायों को स्वयं पढ़ सकेंगे। इस लिये प्रार्थना है कि पाठक हर एक पाठ के प्रत्येक नियम तथा वाक्य की ओर विशेष ध्यान दें।

प्रथम पुस्तक में शब्दों की सात विभक्तियों का उल्लेख किया हुआ है। परन्तु उस पुस्तक में केवल एक ही वचन के रूप दिये हैं। अब इस पुस्तक में तीनों वचनों के रूप दिये जाते हैं।

१ नियम — संस्कृत में तीन वचन हैं १ एक वचन [२] द्विवचन, तथा (३) बहुवचन। हिंदी भाषा में केवल दो वचन हैं एक वचन, तथा अनेक वचन।

एक वचन से एक संख्या का बोध होता है जैसाः— एकः आम्रः [एक आम]

द्विवचन से दो संख्या का बोध होता है जैसाः—द्वौ आम्रौ [दो आम]

बहुवचन से तीन या तीन से अधिक (अर्थात दो से अधिक) संख्या का बोध होता है जैसा– त्रयः आम्राः (तीन आम] पंच आम्राः [पांच आम] दश आम्रः [दश आम]

हिन्दी भाषा में दो संख्या बताने वाला कोई वचन नहीं परन्तु संस्कृत में दो संख्या बताने वाला "द्विवचन" है। सर्वत्र संस्कृत में दो संख्या के लिये द्विवचन का ही प्रयोग करना आवश्यक है। यह बात पाठकों को अवश्य ध्यान में रखनी चाहिये। अब सातों विभक्तियों के तीनों वचनों में शब्दों के रूप नीचे देते हैं।

अकारान्त पुंलिंगी 'देव' शब्दके रूप

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा [१]	देवः	देवौ ÷	देवाः *
द्वितीया [२]	देवं	देवौ ÷	देवान्
तृतीया [३]	देवेन	देवाभ्यां +	देवैः
चतुर्थी [४]	देवाय	देवाभ्यां +	देवेभ्यः *
पंचमी [५]	देवात्	देवाभ्यां +	देवेभ्यः *
षष्ठी [६]	देवस्य	देवयोः ×	देवानाम्
सप्तमी [७]	देवे	देवयोः ×	देवेषु
संबोधन [हे]	देव	(हे) देवौ ÷	(हे) देवाः *

इस प्रकार सब अकारान्त पुंलिंगी शब्दों के रूप होते हैं। पाठकों ने ध्यान से देखा होगा कि भिन्न विभक्तियों के कई रूप एक जैसे होते हैं। इस शब्द में जो जो रूप एक जैसे हैं उनके ऊपर चिन्ह किया है। "÷, + ×, ०, *" ये चिन्ह हैं जो उक्त प्रकार के समान रूपों पर लगाये हैं अगर पाठक इन समान रूपों को ध्यान में रक्खेंगे तो कण्ठ करने का उनका परिश्रम बच जायगा। यह समान रूप ध्यान में आने के लिये "काल" शब्द के रूप नीचे दिये हैं और जो समान रूप हैं वहां कोई रूप दिया नहीं है।

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम (१) कालः	कालौ	कालाः
संबोधन (हे) काल	(हे) ,,	(हे) ,,
द्वितीय (२) कालम्	,,	कालान्
तृतीया (३) कालेन	कालाभ्यां	कालैः
चतुर्थी [४] कालाय	,,	कालेभ्यः
पंचमी [५] कालात्	,,	,,
षष्ठी (६) कालस्य	कालयोः	कालानाम्
सप्तमी [७] काले	,,	कालेषु

उक्त रूप देने के समय संबोधन के रूप सदृश होने के कारण प्रथम विभक्ति के साथ दिये हुये हैं। इन रूपों को

देखने से पता लगेगा कि कौन सी विभक्तियों के कौन से रूप समान होते हैं।

अब पाठकों को उचित है, कि वे इन रूपों को ध्यान में रक्खें, या कण्ठ करें। क्योंकि इसी शब्द के समान सब अकारान्त पुंलिङ्गी शब्दों के रूप होंगे।

धनञ्जय, देवदत्त, यज्ञदत्त, नारायण, कृष्ण, नाग, भद्रसेन, मृत्युञ्जय, इत्यादि अकारान्त पुंलिङ्गी शब्द ठीक उक्त प्रकार से चलते हैं। जिन अकारान्त पुंलिङ्गी शब्दों के अन्दर "र" अथवा "ष" वर्ण हुआ करता है, उन शब्दों की तृतीया विभक्ति का एकवचन तथा षष्ठी विभक्ति का बहु वचन करने में नकार का 'ण' बनाना पड़ता है। जैसा:—

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१	रामः	रामौ	रामाः
२	रामं	„	रामान्
३	रामेण	रामाभ्यां	रामैः
४	रामाय	„	रामेभ्यः
५	रामात्	„	„
६	रामस्य	रामयोः	रामाणाम्
७	रामे	„	रामेषु

सम्बोधन के रूप पूर्ववत पाठक बना सकेंगे। इस शब्द में तृतीया का एकवचन "रामेण" तथा षष्ठी का बहुवचन "रामाणां" इन दो रूपों में नकार के स्थान पर णकार हुआ है, इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों के रूप होते हैं:—

पुरुष, नृप, नर, रामस्वरूप, सर्प, कर, रुद्र, इन्द्र, व्याघ्र, गर्भ, इत्यादि अकारान्त पुंलिङ्गी शब्दों के रूप उक्त प्रकार से बनते हैं।

परन्तु कई ऐसे शब्द हैं कि जिन में "र अथवा ष" आने पर भी नकार का णकार नहीं बनता। जैसा—

कृष्णेन। कृष्णानाम्।

कर्दमेन। कर्दमानाम्।

नर्तनेन। नर्तनानाम।

इस विषय में नियम ये हैं:—

(२) नियम—जिस शब्द में र अथवा ष हो, और उसके परे 'न' आजाय तो उस न का ण बनता है। जैसा:—

कृष्ण, तृष्णा, विष्णु, इत्यादि शब्दों में षकार के बाद नकार आने से नकार का णकार बन गया है।

सूचना—पदान्त के नकार का णकार नहीं बनता जैसा-रामान्, करान् इ० ॥

(३) नियम—" र अथवा ष " और " न " इनके बीच में कोई स्वर, ह, य, व, र, कवर्ग, पवर्ग, अनुस्वार इन वर्णों में से एक अथवा अनेक वर्ण, आने पर भी नकार का णकार होता है। जैसा:—

रामेण, पुरुषेण, नरेण, इत्यादि शब्दों में इस नियमानुसार णकार बना है। इन दो नियमों को अधिक स्पष्ट करने के लिए निम्न प्रकार लिखते हैं:—

"र" के पश्चात् "न" आने से "न" का "ण" बनता है।
"ष" ,, "न" ,, "न" ,, "ण" ,, ॥

"र" अथवा "ष"	बीच में इतने वर्ण आने पर भी अ आ इ ई उ ऊ ऋ लृ ए ऐ ओ औ अं ह य व र ÷ क ख ग घ ङ प फ ब भ म	"न" का ण बनता है।

र् + [आ + म् + ए +] न् + अ = रामेन = रामेण। इस शब्द में र् और न् के मध्य में "आ + म् + ए" ये तीन वर्ण आये हैं। इस प्रकार अन्य शब्दों के विषय में जानना चाहिये॥

क् + ऋ + ष् + [ण्] + ए + न् + अ = कृष्णेन। इस शब्द में षकार और नकार के बीच में ण् आने से नकार का णकार

नहीं हुआ, क्योंकि जो वर्णबीच में होने पर भी णकार बनताहै ऐसा ऊपर लिखा है, उन वर्णों में ण नहीं है। इसी कारण "मर्त्येन" शब्दमें नकार का णकार नहीं होता है। देखिए:—

म्+र्+[त्]+य्+ए+न+अ=मर्त्येन । इन में अनिष्ट तकार बीच में है और उसके होने से नकार का णकार नहीं बनता है।

पाठकों को उचित है कि वे इन नियमों को बार बार पढ़ कर अच्छी प्रकार समझ लेवें, ताकि आगे भ्रम न पड़े।

वाक्य

१ मृगः अरण्ये मृतः	हिरण बन में मर गया।
२ बालकेन क्रीड़ा त्यक्ता	बालक ने खेल छोड़ा।
३ मनुष्येण नगरं दृष्टम्	मनुष्य ने शहर देखा।
४ जनैः रामस्य चरित्रं श्रुतम्	लोगोंने राम का चरित्र सुना
५ बालकैः दुग्धं पीतम्	बालकों ने दूध पिया।
६ सर्पेण मूषकः हतः	सांप ने चूहा मारा।
७ मनुष्यैः द्रव्यम्लब्धम्	मनुष्यों ने पैसाप्राप्त किया।
८ पुष्पैः शरीरं भूषितम्	फूलों से शरीर सजाया।
९ आचार्यैः पुस्तकं पाठितम्	अध्यापकों ने पुस्तकपढ़ाया।
१० वृक्षेभ्यः फलानि पतितानि	वृक्षों से फल गिरे हैं।
११ मया इष्टं फलं प्राप्तम्	मैंने इच्छित फलप्राप्त किया।

१२ स ब्राह्मणेभ्यः दक्षिणां ददाति	वह ब्राह्मणों के लिये दक्षिणा देता है।
१३ विश्वामित्रःअयोध्यांआगतः	विश्वामित्र अयोध्याको आया
१४ सूर्यः अस्तं गतः	सूर्य अस्त को प्राप्त हुआ।
१५ दुःखेन हृदयं भिन्नम्	दुःख से हृदय फूट गया।
१६ आकाशे चन्द्रः उदितः	आकाश में चन्द्र उदय हुआ

इन वाक्यों में जो जो शब्द हैं, उनके अर्थ भाषा के वाक्यों से जाने जासकते हैं इसलिए उनके अलग अर्थ नहीं दिये।

२ द्वितीयः पाठ।

शब्द—पुंल्लिंगी

मूषकः—चूहा

शावकः—बच्चा, लड़का

बिडालः— } बिल्ला
मार्जारः } ,,

महर्षिः—बड़ा ऋषि

काकः—कौवा

नीवारकणः—धान का कण, सूजी का दाना

कुक्कुरः—कुत्ता

व्याघ्रः—शेर

क्रोडः—गोद, छाती

नपुंसकलिंगी

तपोवनम्-तप करने का स्थान

स्वरूपाख्यानम्—अपने रूप का आख्यान

स्वरूपम्— अपनी खूबसूरती

आख्यानम—कथा, चरित्र

संनिधानं—समीप

विशेषण

भ्रष्ट—गिरा हुआ

दृष्ट—देखा हुआ

संवर्धित—फला हुआ

सव्यथ—दुःख के साथ

अकीर्तिकर—बदनामी करने वाला

वर्धित—पाला, बढ़ाया हुआ

वर्धिता— ,, ,,

वर्धितम्— ,, ,,

क्रियापद

धावति—दौड़ता है

पलायते—भागता है

पलायिष्यते—भागेगा

बिभेषि—डरता है (तू)

बिभेति—डरता है (वह)

बिभेमि—डरता हूँ (मैं)

विवेश—घुस गया

वदन्ति—बोलते हैं

भव—हो, बन जा

प्रविवेश—घुस गया

आलोकयति—देखता है

आलोकयामि—देखता हूँ

धातुसाधित

खादितुं—खाने के लिये

हन्तुं—हनन करने के लिये

दृष्ट्वा—देखकर

आलोच्य—देखकर

अवलोक्य—देखकर

जीवितव्यम्—जीने योग्य, जीना चाहिये

स्त्रीलिंगी

कीर्तिः—यश, नाम	व्याघ्रता—शेरपन
अकीर्तिः—बदनामी	व्यथा—बीमारी, दुःख, कष्ट

इतर

पश्चात्—पीछे से	इमं—यह
यावत्—जबतक	द्रुतं—सत्वर या जल्दी
तावत्—तबतक	विलंबितं—देरी से

विशेषणों का उपयोग और उनके लिंग ।

दृष्टं तपोवनम्	वर्धितः वृक्षः
दृष्टा नगरी	वर्धिता लेखमाला
दृष्टः मनुष्यः	वर्धितं कमलम्

भ्रष्टः पुरुषः	अकीर्तिकरः उद्यमः
भ्रष्टा स्त्री	अकीर्तिकरा कथा
भ्रष्टं पात्रम्	अकीर्तिकरं आख्यानम्

पालितः पुत्रः	रक्षितः बालकः
पालिता पुत्रिका	रक्षिता पुष्पमाला
पालितं गृहं	रक्षितं जलम्

शुद्धः विचारः	पवित्रः मन्त्रः
शुद्धा बुद्धिः	पवित्रा स्त्री
शुद्धं चरित्रम्	पवित्रं पात्रम्
गतः सूर्यः	आगतः जनः
गता रात्री	आगता अध्यापिका
गतं नक्षत्रम्	आगतं पुस्तकम्
प्राप्तः ग्रीष्मकालः	भक्षितः मोदकः
प्राप्ता यौवनदशा	भक्षिता वटिका
प्राप्तं वृद्धत्वम्	भक्षितं फलम्

पूर्वोक्त शब्दों में "मूषकः, शावकः, काकः, बिडालः, मार्जारः, कुक्कुरः, व्याघ्रः," इत्यादि अकारान्त पुंलिंगी शब्द हैं और उनके रूप पूर्वोक्त देव, राम शब्दों के समान होते हैं। पाठकों को उचित है कि वे इन शब्दों के सब रूप लिख कर रक्खें, और उनका उक्त रूपों के साथ मिलान करके ठीक करें। "भ्रष्टः, दृष्टः, संवर्धितः, सव्यथः," इत्यादि शब्द भी अकारान्त पुंलिंगी विशेषण होने से देव राम वत् ही चलते हैं। विशेषणों का स्वयं कोई लिंग नहीं होता, परन्तु वे विशेष्य के लिंग के अनुसार चलते हैं इत्यादि वर्णन "संस्कृत स्वयं शिक्षक" के प्रथम भाग के पाठ ३६ में देख लेना।

वाक्य ।

संस्कृत	भाषा
१ अस्ति गंगा—तीरे हरिद्वारं नाम नगरम् ।	है गंगाके किनारे पर हरिद्वार नामक शहर ।
२ अस्ति महाराष्ट्रे मुंबापुरी नाम नगरी ।	है महाराष्ट्र में बम्बई नामक शहर ।
३ विडालः मूषकं खादति	बिल्ला चूहे को खाता है ।
४ व्याघ्रः वृषभं खादितुं धावति ।	शेर बैल को खाने के लिये दौड़ता है ।
५ विडालः कुक्कुरं दृष्ट्वा पलायते ।	बिल्ला कुत्ते को देखकर भागता है ।
६ स पुरुषः व्याघ्रं दृष्ट्वा बिभेति पलायते च ।	वह पुरुष शेर को देख कर डरता और भागता है ।
७ ऋषिणा मूषकः व्याघ्रतां नीतः	ऋषी ने चूहे का व्याघ्र बनाया ।
८ मुनिना व्याघ्रः मूषकत्वं नीतः ।	मुनि ने व्याघ्र का चूहा बनाया
९ स मुनिः अचिंतयत् ।	वह मुनी सोचने लगा ।
१० स पुरुषः सव्यथः अचिंतयत्	वहपुरुषकष्टकेसाथसोचनेलगा

उक्त वाक्यों में, पाठकों के लिये कई बातें ध्यान में रखने योग्य हैं [१] संस्कृत में कथा के प्रारंभ में 'अस्ति" आदि क्रिया के शब्द, वाक्य के प्रारंभ में आते हैं। जिनको भाषा में वाक्य के अन्त में अर्थ करना होता है। जैसा:—

संस्कृत में—'अस्ति' गौतमस्य तपोवने कपिलो नाम मुनिः। भाषामें—— गौतम के आश्रम में कपिल नामक मुनि 'है' संस्कृत में इस प्रकार की वाक्य रचना ललित—अच्छी—समझी जाती है।

४ नियम— किसी शब्द को "त्व" अथवा 'ता' ये शब्द जोड़ने से उसका भाव वाचक नाम बनता है। जैसा:—वृद्धः—बुड्ढा, वृद्धत्वं—बुड्ढापन। मूषकः—चूहा, मूषकता—चूहापन। पुरुषः—मनुष्य, पुरुषत्व—पुरुषपन। पशुः—पशु, हैवान, पशुत्व—पशुता, हैवानपन।

५ नियम— विशेषण का कोई अपना लिंग नहीं होता है परन्तु विशेष्य के लिंग के अनुसार ही विशेषणों के लिंग बनते हैं। जैसा:—

पुंल्लिंगी	स्त्रीलिंगी	नपुन्सकलिंगी
भ्रष्टः पुरुषः	भ्रष्टा स्त्री	भ्रष्टं पुष्पम्
दृष्टः पुत्रः	दृष्टा नगरी	दृष्टं पुस्तकम्
संवर्धितः वृक्षः	संवर्धिता कीर्तिः	संवर्धितं ज्ञानम्
सव्यथः व्याघ्रः	सव्यथा नारी	सव्यथं मित्रम

इसी प्रकार अन्यान्य विशेषणों के संबंध में भी जानना चाहिये [इस नियम के विषय में स्वयं शिक्षक भाग प्रथम का ३६ वां पाठ देखिये]

अब हितोपदेश नामक ग्रंथ से एक कथा नीचे देते हैं। पूर्वोक्त शब्द और वाक्य जिन्हों ने कण्ठ किये होंगे, वे पाठक इस कथा को अच्छी प्रकार समझ सकते हैं । इसलिये पाठकों को उचित है कि वे भाषा में दिया हुवा अर्थ न देखते हुये केवल संस्कृत पढ़कर ही अर्थ लगाने का यत्न करें जब संपूर्ण कथा का अर्थ लग जाय तो सम्पूर्ण पाठ को कण्ठ करें और पश्चात् भाषा के वाक्य देखकर उसका संस्कृत बनाने का यत्न करें ॥

१ मुनिमूषकयोःकथा

(१) अस्ति गौतमस्य महर्षेः तपोवने महातपा नाम मुनिः तेन आश्रम-संनिधाने मूषिक-शावकः काकमुखाद् भ्रष्टो दृष्टः

१ ऋषि और चूहे की कथा

[१] गौतम महर्षि के तपोबन में महातपा नामक एक मुनि है। उसने आश्रम के पास चूहे का बच्चा कौवेके मुख से गिरा हुआ देखा।

(२) ततःस स्वभाव-दया-ऽऽत्मना तेन मुनिना नीवारकणः संवर्धितः। ततो विडालः तं मूषिकं खादितुं धावति।

[३]तं अवलोक्य मूषिकः तस्य मुनेः क्रोडं प्रविवेश। ततो मुनिना उक्तम् "मूषिक, त्वं मार्जारो भव"। ततः स मार्जारो जातः।

[४] पश्चात् स विडालः कुक्कुरं दृष्ट्वा पलायते। ततो मुनिना उक्तम्। "कुक्कुराद् विभेषि त्वं एवकुक्कुरो भव"तदा स कुक्कुरो जातः

[५] स कुक्कुरो व्याघ्राद् विभेति। ततः तेन मुनिना कुक्कुरो व्याघ्रः कृतः अथ व्याघ्रं अपितमूषिक-निर्विशेषं पश्यति स मुनिः।

[२] पश्चात उस (बच्चे) को स्वाभाविक दया भाव से उस मुनि ने धान के कणों से पाला। पश्चात बिल्ला उस चूहे का खाने के लिये दौड़ता [था]

(३) उस (विल्ले) को देखकर चूहा उस मुनी के गोद में घुस गया। बाद मुनि ने कहा "चूहे, तूं विल्ला बन" उससे वह बिल्ला बना !

(४) पश्चात वह विल्ला कुत्त को देखकर भागता (है)बाद मुनि ने कहा। 'कुत्ते से [तूं] डरता है। तूं ही कुत्ता बन" उस समय वह कुत्ता बन गया।

[५] वह कुत्ता शेर से डरता (था)। बाद उस मुनिने कुत्ते का व्याघ्र (शेर) बनाया। अब उस व्याघ्र को भी चूहे के समान ही देखता है वह मुनि

[६] अथ तं मुनिं दृष्ट्वा व्याघ्रं चसर्वा: वदन्ति "अनेन मुनिना मूषको-व्याघ्रतांनीत:"

६ पश्चात् इस मुनि को और (उस) शेर को देखकर सब बोलते हैं । "इस मुनि ने चूहे का (यह) शेर बनाया"

[७] एतत् श्रुत्वा स व्याघ्र: सव्यथोऽचिंतयत्। "यावद् अनेन मुनिनाजीवितव्यंतावद् इमंमे स्वरूपाख्यानं अकीर्तिकरं न पलायिष्ये"। इति आलोच्य स मुनिं हन्तुं गत:

(७) यह सुनकर वह शेर कष्ट से सोचने लगा । "जब तक इस मुनि ने जिंदा रहना है तब तक यह मेरी रूप (बदलने) की कथा (मेरी) हतक करने वाली नहीं जायगी"। ऐसा देखकर वह (शेर) मुनि को मारने के लिये गया ।

[८] ततो मुनिना तत् ज्ञात्वा "पुनर्मूषिको भव" इत्युकत्वा मूषिक एव कृत:।

(८) पश्चात मुनिने वह जान कर "फिर चूहा बन" ऐसा बोलकर (फिर) चूहा ही बना दिया

हितोपदेश:

हितोपदेश से उद्धृत

उक्त कथा में आये हुए कुछ समासों का वर्णन

[१] आश्रमसंनिधानम्—आश्रमस्य संनिधानम्; आश्रमस्य समीप इत्यर्थ: ।

[२] मूषकशावक:— मूषकस्य शावक: ।

[३] काकमुखम्— काकस्य मुखम्, काकस्य तुण्डम ।

[४] **नीवारकणाः**—नीवाराणां कणाः। नीवाराणां धान्यविशेषाणां अंशाः।

[५] **व्याघ्रता**—व्याघ्रस्य भावः व्याघ्रता। व्याघ्रत्वं इत्यर्थः

[६] **मूषकत्वम्**—मूषकस्य भावः मूषकत्वम्।

[७] **सव्यथः**—व्यथया सहितः सव्यथः। दुःखेन युक्त इत्यर्थः

[८] **स्वरूपाख्यानम्**—स्वस्य रूपं स्वरूपम्। स्वरूपस्य आख्यानं स्वरूपाख्यानम्। स्वरूपकथा इत्यर्थः।

---

३ तृतीयः पाठः।

प्रथम पाठ में अकारान्त पुंलिंगी शब्दों के रूप बनते हैं। संस्कृत में आकारान्त पुंलिंगी शब्द बहुत ही थोड़े हैं, तथा उनके रूपभी बहुत प्रसिद्ध नहीं हैं, इसलिये उनका चलाने का प्रकार यहां नहीं दियाजाता। प्रायःपाठकों के देखने में आयगा कि, आकारान्त शब्द स्त्रीलिंगी होते हैं। और अकारान्त शब्द स्त्रीलिंगी नहीं हुआ करते। किस शब्द का कौनसा अन्त है यह ध्यान में आने के लिये कई शब्द नीचे दिये हैं, उनकी ओर ठीक ध्यान देने से अन्त वर्ण का ठीक ठीक बोध हो जायगा।

[१] अकारान्त—देव, रामकृष्ण, धनंजय, ज्ञान, आनंद। इ०

[२] आकारान्त—रमा, विद्या, गंगा, कृपा, अंबा, अक्का। इ०

[३] इकारान्त—हरि, भूपति, अग्नि, रवि, कवि, पति। इ०

[४] ईकारान्त—लक्ष्मी, तरी, तंत्री, नदी, स्त्री, वाणी। इ०

[५] उकारान्त—भानु, विष्णु, वायु, शंभु, सूनु, जिष्णु इ०

[६] ऊकारान्त—चमू, वधू, श्वश्रू, यवागू, चम्पू, जम्बू इ०

[७] ऋकारान्त—दातृ, कर्तृ, भोक्तृ, गंतृ, पातृ, वक्तृ इ०

[८] ऐकारान्त—रै [धन]

[९] ओकारान्त—द्यो, गो,

[१०] ककारान्त—वाक्, सर्वशक्

[११] तकारान्त—सरित्, भूभृत्, हरित्

[१२] दकारान्त—शरद्, तमोनुद्, वेंभिद्

[१३] सकारान्त—चंद्रमस्, तस्थिवस्, मीढ्वस्, मनस् इ०

[१४] नकारान्त—युवन्, श्वन्

इत्यादि शब्द देखने से पाठक जान सकेंगे कि किस शब्द के अंत में कौनसा वर्ण है।

अब इकारान्त पुंलिंगी "हरि" शब्द के रूप देखिए:—

एक बचन	द्विवचन	बहुबचन
[१] हरिः	हरी	हरयः
सं० [हे] हरे	[हे] ,,	[हे] ,,
[२] हरिम्	,,	हरीन्
[३] हरिणा	हरिभ्यां	हरिभिः
[४] हरये	,,	हरिभ्यः
[५] हरेः	,,	,,
[६] ,,	हर्योः	हरीणाम्
[७] हरौ	,,	हरिषु

इसी प्रकार भूपति, अग्नि, रवि, कति इत्यादि शब्दों के रूप बनतेहैं। प्रथम पाठ में दियेहुए नियम ३ के अनुसार हरि, रवि आदि शब्दों के रूपोंमें नकार का णकार होता है। (पृ० ३१)

प्रथम पाठ के नियम १ में कहा है कि एक वचन एक संख्याका बोधक, द्विवचन दोसंख्याका बोधक, तथा बहुवचन तीन अथवा तीनसे अधिक संख्याका बोधक होता है। जैसाः

[१] एकवचन-रामस्यचरित्रम् = [एक] रामका [एक] चरित्र।
[२] द्विवचन—मुनिमूषकयो: कथा = मुनि और मूषक [इन दोनों] की कथा।

रामस्य बांधवौ = [एक] राम के [दो] भाई

[३] बहुवचन—श्रीकृष्णभीमार्जुना: जरासंधस्य गृहंगताः = श्रीकृष्ण, भीम तथा अर्जुन [येतीनों] [एक] जरासंध के [एक] घरको गये

कुमारेण आम्रा: आनीताः = [एक] लड़का [दो से अधिक] आम लाया।

इस प्रकार वचनों द्वारा संस्कृत में संख्या का बोध होता है। हिंदीभाषा में दो संख्या का बोधकरने के लिये कोई खास वचन का चिन्ह नहीं है संस्कृत की विशेषता और पूर्णता इसी व्यवस्था द्वारा प्रतीत होती है। अब हर एक विभक्ति के तीनों वचनों का उपयाग किस प्रकार किया जाता है यह बताने के लिये कुछ वाक्य नीचे देते हैं:—

[१] प्रथमा विभक्ति।

वाक्य में प्रथमा विभक्तिकर्ता का स्थान बताती है। (कर्ता वह होता है कि जो क्रिया करता है)

[१] रामः राज्यं अकरोत् = राम राज्य करता था।

[२] रामलक्ष्मणौ वनं गच्छतः = रामलक्ष्मण [ये दो] बन को जाते हैं।

[३] पांडवाः श्रीकृष्णस्य उपदेशं शृण्वन्ति = [तीन अथवा तीनसे अधिक] पांडव श्रीकृष्णका उपदेश सुनते हैं।

इन तीन वाक्यों में क्रमसे "रामः, रामलक्ष्मणौ, पांडवाः" ये शब्द एक-द्वि-बहुवचन के हैं। उस उस वाक्य में जो जो क्रिया आयी है उस उस क्रिया के ये कर्ता हैं।

[२] द्वितीया विभक्ति।

वाक्य में जोकर्म होताहै वहद्वितीया विभक्ति में होता है। [क्रिया जिस कार्य को बताती है वह कर्म है]

[१] दशरथः राज्यं करोति = दशरथ राज्य करता है।

[२] कृष्णः कर्णौ पिधाय तिष्ठति = कृष्ण [दोनों] कान बन्द करके खड़ा है।

[३] देवदत्तः ग्रंथान् पठति = देवदत्त [तीन या तीन से अधिक] ग्रन्थों को पढ़ता है।

इन तीन वाक्यों में "राज्यं, कर्णौ, ग्रंथान्" ये तीनों शब्द द्वितीया विभक्ति के हैं और वे उस उस वाक्य के क्रिया के कर्म हैं। क्रिया का करने वाला उस क्रिया का कर्ता होता है और जो कार्य किया जाता है वह उस क्रिया का कर्म होता है अर्थात् "दशरथः राज्यं करोति" इस वाक्य में "दशरथ" यह कर्ता, "राज्यं" यह कर्म, तथा "करोति" यह क्रिया है। इसी प्रकार अन्यान्य वाक्यों में जानना चाहिये।

(३) तृतीया विभक्ति।

क्रिया का जो साधन होता है उसकी तृतीया विभक्ति होती है। उसको संस्कृत में 'करण' बोलते हैं।

(१) कृष्णवर्मा **खड्गेन** व्याघ्रं अहनत्। = कृष्णवर्मा (ने) तलवार से शेर को मारा।

(२) स **नेत्राभ्यां** सूर्यं पश्यति। = वह (दोनों) आंखों से सूर्य को देखता है।

(३) अर्जुनः**बाणैः** युद्धं करोति। = अर्जुन (दो से अधिक) बाणों के साथ युद्ध करता है।

इन तीन वाक्यों में "खड्गेन, नेत्राभ्यां, बाणैः" ये तीन शब्द तृतीया विभक्ति के हैं। और यह उस क्रिया के साधन हैं। अर्थात् हनन करने का खड्ग साधन, देखने का नेत्र साधन और युद्ध करने का बाण साधन है।

(४) चतुर्थी विभक्ति

क्रिया जिसके लिये की जाती है, उसकी चतुर्थी विभक्ति होती है जिसको संस्कृत में "सम्प्रदान" कहते हैं।

(१) राजा **ब्राह्मणाय** धनं ददाति = राजा ब्राह्मण के लिये धन देता है।

(२) स **पुत्राभ्यां** मोदकौ ददाति = वह (दो) पुत्रों को दो लड्डू देता है।

(३) कृपणः **याचकेभ्यः** द्रव्यं नैव ददाति = कृपण (दो से अधिक) मांगने वालों को द्रव्य नहीं देता।

इन तीन वाक्यों में "ब्राह्मणाय, पुत्राभ्यां, याचकेभ्यः" ये तीन शब्द चतुर्थी विभक्ति में हैं और वे बता रहे हैं कि तीनों वाक्यों में जो दान क्रिया है वह किन के लिये है

(५) पंचमी विभक्ति।

वाक्य में पंचमी विभक्ति अपादान अर्थात् "से" अर्थ में आता है अपादान का अर्थ 'छोड़ना, अलग होना" इत्यादि है

(१) स **नगरात्** ग्रामं गच्छति = वह नगरसे गांव को जाता है

(२) रामः **वसिष्ठवामदेवाभ्यां** प्रसादं इच्छति = राम वसिष्ठ बामदेव (इन दोनों) से प्रसाद चाहता है।

(३) मधुमक्षिका **पुष्पेभ्यः** मधु गृह्णाति = शहद की मक्खी (दो से अधिक) फूलों से शहद लेती है।

इन तीनों वाक्यों में " नगरात्, वसिष्ठवामदेवाभ्यां, पुष्पेभ्यः" ये शब्द पंचम्यन्त हैं। और यह विभक्ति किस से किस का अपादान (छुटकारा) है यह बात बताती है।

(६) षष्ठी विभक्ति

वाक्य में षष्ठी विभक्ति 'संबंध' अर्थ में आती है।

(१) तद् **रामस्य** पुस्तकंअस्ति। = वह रामका पुस्तक है।

(२) **रामरावणयोः** सुमहान् संग्रामः जातः। = राम रावण (इन दोनों) का बड़ा भारी युद्ध हुआ।

(३) **नगराणां** अधिपतिः राजा भवति। = शहरों का स्वामी राजा होता है।

इन तीनों वाक्यों में षष्ठ्यन्त शब्दों से पता लगता है कि "पुस्तक, संग्राम, अधिपति" इनका किनके साथमुख्य सम्बन्ध (अर्थात् अधिकार अथवा स्वामि संबंध) है।

[७] सप्तमी विभक्ति

वाक्य में सप्तमी विभक्ति 'अधिकरण, स्थान,' अर्थ में आती है।

(१) **नगरे** बहवःपुरुषाः सन्ति। = शहर में बहुत पुरुष हैं

(२) तेन **कर्णयोः** अलंकारौधृतौ। = उसने (दो) कानों में (दो) भूषण(जेवर)धारण किये।

(३) पुस्तकेषु आलेख्यानि सन्ति ।=(दोसे अधिक) पुस्तकों के अंदर (दो से अधिक) तसवीरें हैं ।

इन वाक्यों में तीनों सप्तम्यन्त शब्द 'स्थान [अधिकरण] अर्थ बताते हैं । अर्थात पुरुषों का नगर स्थान है, अलंकारों का कान तथा आलेख्यों का पुस्तक स्थान है ।

संबोधन विभक्ति

पुकारने के समय में संबोधन का प्रयोग होता है ।

(१) हे धनंजय, अत्र आगच्छ ! =हे धनंजय, यहां आ ।
(२) हे पुत्रौ, तत्र गच्छतम् ।= हे (दोनों) लड़को,वहां जाओ।
(३) हे मनुष्याः, शृणुत।=हे [दो से अधिक] मनुष्यो, सुनो ।

इस प्रकार सब विभक्तियों के अर्थ तथा उपयोग हैं । पाठकों को उचित है कि वे वारंबार इनका विचार करके इन विभक्तियों के अर्थों को ठीक ठीक ध्यानमें रखें और कभी भूल न जांय, क्योंकि इसका आगे बहुत संबंध है । उक्त विवरण ठीक ध्यान में आने के लिये उसका सारांश नीचे देते हैं:—

विभक्ति	अर्थ		भाषा में प्रत्यय
१ प्रथमा	कर्ता	क्रिया का करने वाला	ने
२ द्वितीया	कर्म	जो किया जाता है	को
३ तृतीया	करण	जो क्रिया का साधन है	ने,से,द्वार
४ चतुर्थी	संप्रदान	जिसके लिये क्रिया हो	के लिये

(५) पंचमी—अपादान—जिससे वियोग होता है…से

(६) षष्ठी— संबंध—एक का दूसरे के ऊपर अधिकार…का

(७) सप्तमी— अधिकरण— स्थान, आश्रय ———में

(८) संबोधन—आह्वान—पुकारना————————हे ——

इन विभक्तियों के अर्थ तथा उपयोग पाठकों को ध्यान में रखने चाहियें। संस्कृत वाक्य बनाना तथा प्राचीन पुस्तकों का अर्थ लगाना इन्हीं के द्वारा होता है। जब उक्त बातें ठीक स्मरण हो जायंगी तो पश्चात् निम्न लिखित शब्द कण्ठ कीजिये॥

(४) चतुर्थः पाठः ।

क्रिया

प्रतिभाषेत = उत्तर देगा	आदिशत् = आज्ञा की
पृच्छेयम् = पूछूंगा	प्रक्षिपति = फेंकता है
प्रतिवदेत् = उत्तर देगा	निष्कास्यतां = निकाल दे
सेवसे = (तू) सेवन करता है	परित्यज = फेंक
सेवते = (वह) सेवन करता है	प्रतिगदेत् = जवाब देगा
सेवे = सेवन करता हूं	प्रत्यवदत् = उत्तर दिया
संभाष्य = बोलकर	प्रत्यब्रवीत् = ,,
आपृच्छ्य = पूछकर	अवदत् = बोला

शब्द— पुंल्लिंगी

भगवन्—ईश्वर

भगवतः—ईश्वर का

व्रजन्—चलने वाला

पथिन्—मार्ग

पथि—मार्ग में

अर्भकः—लड़का

चरणः—पांव

देवः—ईश्वर

नृपः—राजा

प्रसादः—दया

पुरुषः—मनुष्य

इच्छन्—इच्छा करने वाला

ज्वरः—बुखार

आवेगः—जोर

ज्वरावेगः—बुखार का जोर

चिकित्सकः—वैद्य

वयस्यः मित्र

यमः—मृत्यु, यम

क्षारः—नमक

चंद्रः—चांद

अर्धचंद्रः—गला पकड़ कर निकालना या धक्का देना

मंदधीः—मंद बुद्धि

परिजनः—नौकर

स्त्रीलिंगी

गलहस्तिका—गला पकड़ना

मृत्तिका—मट्टी

नपुंसक लिंगी

प्रतिवचनं—उत्तर, जवाब

व्रणं—व्रण

प्रतिवचः—जवाब, उत्तर

अरण्यं वन

विशेषण

विदग्ध—ज्ञानी, विद्वान पका हुवा	बधिर-बहिरा, न सुननेवाला
अविदग्ध—अज्ञानी	आर्त—रोगी, पीड़ित
प्रस्थित—प्रवास के लिये चला मुसाफिर होगया	ज्वरार्त—ज्वर से पीड़ित
	पृष्ट—पूछा हुवा
रुग्ण—बीमार	भद्र—हितकारक
सह्य—सहने योग्य	भद्रतर—दोनोंमें अधिक अच्छा
समर्थ—शक्तिमान	भद्रतम—सबसे अधिक अच्छा
दुःसह-सहनकरने के लियेकठिन	प्रतिकूल—विरोधी
निःसारित—निकाला हुआ	अनुकूल—मुआफिक

अन्य

इति—ऐसा	सकोपं—गुस्से से
बहिः—बाहर	सादरं—नम्रता के साथ
संनिकाश—पास	तदनु—उसके पश्चात्
तथैव—वैसा ही	तदनुरूपं—उसके अनुकूल

उक्त शब्द कंठ करने के पश्चात् निम्न वाक्य स्मरण कीजिये।

वाक्य

संस्कृत	भाषा
१ कश्चित पुरुषःस्वमित्रं द्रष्टूं इच्छति॥	कोई पुरुष अपने मित्र को देखना चाहता है।
२ मित्रस्य संनिकाशं गत्वा, स किं पृच्छति ।	मित्र के पास जाकर वह क्या पूछता है।
३ स मित्रसंनिकाशं गत्वा, अनुकूलं संभाष्य, पश्चात् तं आपृच्छय गृहं, आगमिष्यति॥	वह मित्र के पास जाकर अनुकूल भाषण करके, बाद उस से पूछ कर, घर लौट आयेगा।
४ स किं प्रतिवदति	वह क्या उत्तर देता है।
५ एवं स प्रतिकूलवचनं श्रुत्वा कुपितः॥	इस प्रकार विरुद्ध भाषण सुन कर वह गुस्सा होगया।
६ स किं क्षते क्षारं प्रक्षिपति।	वह क्यों व्रण (घाव) में लूण डालता है।
७ तेन चौरः गलहस्तिकयागृहाद्बहिःनिःसारितः	उसने चोर को गला पकड़ करघरसे बाहर निकाल दिया
८ स रुग्णःसकोपं उच्चैः अवदत्॥	वह रोगी गुस्से से बड़े आवाज से बोला।

२ अविदग्धस्य बधिरस्य कथा ।

१ कोऽपिबधिरः स्वमित्र ज्वरार्तं श्रुत्वा, तं द्रष्टुमिच्छन्, गृहात् प्रस्थितः । पथि व्रजन् एवं अचिंतयत् ।

२ मित्र संनिकाशं गत्वा "अपि सह्यो ज्वरावेग" इति पृच्छेयम् । "किंचिद् इव सह्य" इति स प्रतिवदेत् ।

३ ततः "किं औषधं सेवसे" इति पृच्छेयम्, "इदं औषध सेव" इति स प्रतिभाषेत अनंतरं "कस्ते चिकित्सक" इति मया पृष्टं "ऽसौ मम चिकित्सक" इति स प्रतिगदेत्

४ अथ तत्तदनुरूपं संभाष्य, मित्रं आपच्छय, गृहं आगमिष्यामि ॥

२ अज्ञानो बहिरे को कथा ।

(१) कोई एक बधिर अपना मित्र ज्वर से पीड़ित (है ऐसा) सुनकर, उसको देखने की इच्छा करता हुआ घर से चला । मार्ग में जाता हुआ ऐसा सोचने लगा ॥

(२) मित्र के पास जाकर. "क्या सहन करने योग्य बुखार का जोर" (है) ऐसा पूछूंगा । "थोडा सा सहन करने योग्य" ऐसा वह उत्तर देगा ।

(३) पश्चात "क्या दवा लेते हो" ऐसा पूछूंगा। "यह दवा लेता हूं" ऐसा वह उतर देगा पश्चात "कौन तुम्हारा वैद्य" ऐसे मेरे पूछने पर "यह मेरा वैद्य" ऐसा वह उत्तर देगा

(४) अनंतर इस प्रकार अनुकूल बोलकर, मित्र को पूछकर, घर आऊंगा ।

[५] एवं चिन्तयन् मित्रं प्राप्य, सादरं अपृच्छत् 'वयस्य, अपि सह्या ज्वरावेग' इति। तथैव 'वर्तते न विशेष'इति स प्रत्यवदत्

[६] "भगवतः प्रसादेन तथैव वर्तताम्। कीदृशं औषध सेवसे' इति। ज्वरार्तः प्रत्यब्रवीत्। मम औषधं मृत्तिका एव' इति।

[७] वयस्यः प्राह। 'तदेव भद्रतरं। कस्ते चिकित्सक' इति।

[८] रुग्णः सकोपं अब्रवीत "मम भिषग् यम एव,,इति

[९] बधिरः प्रोवाचा "स एव समर्थः तं मा परित्यज,, इति।

(५) इस प्रकार बिचार करता हुआ मित्र (के पास) पहुंच कर; आदर के साथ बोला। "मित्र क्या सहन करने योग्य बुखार का जोर (है)" [ऐसा]। "वैसा ही है कोई नहीं फरक" ऐसा वह बोला।

(६) परमेश्वर की कृपा से वैसा ही रहे। कौनसा औषध लेते हो ऐसा (पूछने पर) रोगी बोला। "मेरी दवा मिट्टी ही (है)" ऐसा

(७) मित्र बोला। "वही अधिक हितकारी (है) "कौनसा तेरा वैद्य" ऐसा।

(८) रोगी क्रोध से बोला "मेरा वैद्य यम ही (है)" ऐसा

(९) बधिर बोला। "वही शक्तिमान् है उसको न छोड़" (ऐसा)।

१० एवं प्रतिकूलं प्रतिवचनं श्रुत्वा स रोगी दुःसहेन कोपेन समाविष्टः परिजनं आदिशत् ।

११ भोः किं अयं एवं क्षते क्षारं प्रक्षिपति । निष्कास्यतां अयं अर्धचन्द्रदानेन इति । अथ स बधिरो मंदधीः परिजनेन गलहस्तिकया बहिः निःसारितः ।

कथा कुसुमांजलिः

१० इस प्रकार विरुद्ध भाषण सुन कर उस रोगी ने असह्य क्रोध से युक्त होकर नौकर को आज्ञा की ॥

११ अरे क्यों यह इस प्रकार व्रण में लूण डालता है। निकाल दे इसको गला पकड़ कर [ऐसा]। पश्चात उस मूर्ख बधिर को नौकरों ने गला पकड़ कर बाहर निकाला ॥

सूचना—भाषा में "इति" का सब स्थानों पर भाषान्तर नहीं होताहै । तथा संस्कृत के मुहाविरे भी भाषा के मुहाविरों से भिन्न हैं । यहां संस्कृत की शब्द रचना से अनुकूल ही भाषा की वाक्य रचना रक्खी है , इस कारण भाषा का भाषान्तर जैसा चाहिये वैसा नहीं होगा , पाठक यह बात ध्यान में रख कर भाषा का भाव ध्यान में लावें

समास विवरणम्

१ स्वमित्रम्—स्वस्य मित्रं = स्वमित्रम् ,स्ववयस्य ।

२ ज्वरार्त—ज्वरेण आर्तः = पीडितः । ज्वरपीड़ितः ,

३ ज्वरावेगः—ज्वरस्य आवेगः = ज्वरावेगः ,

४ सादरम्—आदरेण सहितम् , आदरयुक्तम् ,

५ सकोपम्—कोपेन सहितं सकोपम् , सक्रोधम् इत्यर्थः ।

६ मंदधी—मंदाधीर्यस्य स मंदधीः, मंदबुद्धि इत्यर्थ

५ पञ्चमः पाठः ।

पूर्व पाठों में अकारान्त तथा इकारान्त पुंल्लिंगी शब्दों के रूप दिये हैं, दीर्घ ईकारान्त शब्द भी संस्कृतमें हैं, परन्तु उनके प्रयोग बहुत प्रयुक्त नहीं होते, इसलिये उनको छोड़कर यहां उकारन्त पुंल्लिंगी शब्द के रूप देते हैं ,

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
(१)	भानुः	भानू	भानवः
संबो०	हे भानो	हे ,,	हे ,,
(२)	भानुं	,,	भानून्
(३)	भानुना	भानुभ्यां	भानुभिः
[४]	भानवे	,,	भानुभ्यः
(५)	भानोः	,,	,,
(६)	,,	भान्वोः	भानूनाम्
(७)	भानौ	,,	भानुषु

इसी प्रकार सूनु, शम्भु, विष्णु, वायु, इन्दु, बिधु इत्यादि उकारान्त पुंलिंगी शब्दों के रूप जानने चाहियें। पाठकों को उचित है कि वे इन शब्दों के रूप सब बिभक्तियों में बनाकर कागज़ पर लिखें, तथा पूर्वोक्त तृतीय पाठ में दिये हुये प्रकार से हर एक रूप को वाक्य में प्रयुक्त करने का यत्न करें। इस प्रकार बनाये हुये वाक्य कागज़ पर लिखने चाहियें। अगर दो विद्यार्थी साथ पढ़ते हों, तो एक दूसरे को शब्दों के रूप सब विभक्तियों में परस्पर पूछ कर, हर एक रूप का उपयोग भी परस्पर पूछना चाहिए। जिससे सब बिभक्तियों के रूपों की उपस्थिति ठीक २ हो जायगी तथा उनका उपयोग कैसा करना चाहिये इसका भी ज्ञान हो जायगा। परन्तु जहां पढ़ने वाला अकेला ही हो, वहां सब रूप तथा वाक्य, जो जो नये बनाये हों, वे सब कागज़ पर लिखने चाहिएं। और उनको बार बार पढ़कर सबको स्मरण करना चाहिये।

संस्कृत में जहां जहां दो स्वर अथवा दो व्यंजन पास पास आ जाते हैं वहां वे खास रीति से मिल जाते हैं। हमने "स्वयं शिक्षक" के प्रथम भाग में तथा इस द्वितीय भाग में भी जहां तक हो सका वहां तक इस प्रकार के सन्धि नहीं दिये हैं। तथापि पाठक देखेंगे कि प्रथम भाग की अपेक्षा इस द्वितीय भाग में इस प्रकार के सन्धि अधिक दिये हैं।

---

* पृष्ठ ४४ से ४६ तक देखिये।

ये सन्धि किस स्थान पर करने तथा किस स्थान पर न करने, इस विषय में निम्न लिखित नियम हैं।

[६] नियम— एक शब्द के अन्दर जोड़ [संधि] अवश्य होने चाहिए। जैसा—रामेषु, देवेषु, रामेण इ०

सप्तमी के बहुवचन का प्रत्यय 'सु' है। परन्तु इसके पीछे 'ए' होने से 'सु' का 'षु' बनता है। एक पद [शब्द] में होने से यह संधि आवश्यक है। तथा नियम ३ के अनुसार 'रामेण' में नकार का णकार करना अवश्य है क्योंकि यह एक पद है। [पृ० ३१]

[७] नियम— धातु का उपसर्ग के साथ जहां संबन्ध होता है वहां संधि करना आवश्यक है। [केवल वेदों में धातुओं से उनका उपसर्ग अलग रहता है, इस कारण वहां यह नियम नहीं लगता]। उत्+गच्छति=उद्गच्छति। निः+बध्यते=निर्बध्यते।

[८] नियम— समास में संधि अवश्य करनी चाहिये। जैसा। जगत्+जननी=जगज्जननी। तत्+रूप=तद्रूपम्।

[९] नियम— पद्यों में बहुतांश में संधि करना आवश्यक है।

[१०] नियम— बोलनेके समय बोलने वाला मनुष्य चाहे संधि करे अथवा न करे। अर्थात् जो बोलने वाला हो उसकी इच्छा पर यह निर्भर है। जहां बोलने वाले को सुभीता हो, वहां वह संधि करे, जहां न हो, न करे। अथवा जहां संधि

करके बोलने वाला सुनने वाले को अर्थ का परिचय सुगमता से करा सके, वहां संधि करना, अन्यत्र न करना।

इस १० वें नियम के अनुसार स्वयं शिक्षक के प्रथम द्वितीय भाग में बहुत स्थानों पर संधि नहीं किये हैं जहां आवश्यक प्रतीत हुआ वहां किये हैं 'स्वयं शिक्षक' का उद्देश संस्कृत भाषा में विद्यार्थियों का सुगमता से प्रवेश कराना है इस उद्देश की पूर्ति के लिये प्रथम अवस्था में संधि न करना अत्यन्त आवश्यक है। अगर प्रथमारंभ में सब संधि करके वाक्य का एक सूत्र बनाया जाय तो पाठक घबरा जांयगे। तथा उनकी बुद्धि में संस्कृत का प्रवेश नहीं होगा।

इस समय तक जो जो संस्कृत की पुस्तकें बनीं हैं उनमें सब स्थानों पर संधि किये हुवे रहने से पाठक उनको स्वयं नहीं पढ़ सकते, न उनसे स्वयं लाभ उठा सकते हैं। संधियों का पत्थर तोड़कर संस्कृत मन्दिर में शीघ्र प्रवेश कराने का कार्य इन स्वयं शिक्षा के पुस्तकों का है। पाठक भी इस बात को स्वीकार करेंगे कि उनका प्रवेश संस्कृत मन्दिर में इन पुस्तकों द्वारा सुगमता से हो रहा है।

अब हमने जो ऊपर १० वां नियम दिया हुवा है उसका परिज्ञान ठीक होने के लिये एक उदाहरण देते हैं।

[१] ततस्तमुपकारकमाचार्यमालोक्येश्वरभावनयाह।

यह वाक्य सब संधि करके लिखा है। इसमें बड़े संधि प्रायः कोई नहीं है। तथापि सब जोड़कर लिखने से पाठक इस

को वैसा नहीं जान सकते जैसा निम्न प्रकार से लिखित जान सकते हैं:—

[२] ततः तं उपकारकंआचार्यं आलोक्य ईश्वरभावनया आह

[पश्चात् उस उपकार करने वाले आचार्य को देखकर ईश्वर की भावना से [अर्थात् आदर भाव से] कहा।

उक्त दोनों वाक्य एक ही हैं परन्तु प्रथम वाक्य कठिन है और दूसरा आसान है। इसका कारण, द्वितीय वाक्य में कोई संधि नहीं किया। बोलने वाला इसी प्रकार अपनी मर्ज़ी के अनुसार संधि करेगा अथवा नहीं भी करेगा।

कई समझते हैं कि, संस्कृत में सब जोड़ अवश्य करने चाहियें। परन्तु यह उनकी भूल है। वाक्य बोलने वाला स्वकीय इच्छा से जहां चाहिये वहां संधि करेगा, जहां न चाहिये वहां जैसे के वैसे शब्द रहने देगा। यह बात सब संधियों के विषय में जाननी चाहिये। इसी कारण हमने बहुत थोड़े स्थानों पर संधि किये हैं। इस पुस्तक में मुख्य २ संधियों के नियम अवश्य दिये जायंगे। पाठकों को उचित है, कि वे इन नियमों को अच्छी प्रकार समझ कर, जहां जहां संधि करने की आवश्यकता हो वहां वहां नियमानुसार संधि किया करें।

कई लोग समझते हैं कि ये सन्धि केवल संस्कृत में ही है। परन्तु यह उनकी भूल है। फ्रेंच जर्मन आदि भाषाओं में भी ये संधि हैं। इंग्लिश में भी ये संधि है, देखिये:—

(१) It is—इट् इज्—यह वाक्य "इटीझ्" ऐसा ही बोला जाता है।

(२) It is arranged out of court.

इट् इज् अरेंज्ड आउट ऑफ् कोर्ट

यह वाक्य निम्न लिखित प्रकार बोला जाता है:—

इ—टी—झारेंझ्डाउटाफ् कोर्ट

इस प्रकार इंग्लिश में सहस्रों स्थानों पर बोलने वाले के इच्छानुरूप संधि होते हैं। परन्तु अंग्रेज़ी के व्याकरण में इन के विषय में कोई नियम नहीं दिया है। केवल इसी कारण लोक समझते हैं कि अंग्रेजी में कोई सन्धि नहीं होता।

ठीक इसी प्रकार हिंदी भाषा में भी स्थान स्थान पर सन्धि होते हैं, देखिये:—

आप कब घर में जाते हैं।

यह वाक्य निम्नलिखित प्रकार बोला जाता है:—
आप्कब्घर्में जाते हैं।

अर्थात् बोलने वाला "आप, कब, घर" इन तीनों शब्दों के अन्त के अकार का लोप करके बोलता है। परन्तु भाषा के व्याकरणों में इस विषय में कोई नियम दिया नहीं। संस्कृत का व्याकरण ऋषि लोकों ने अपनी सूक्ष्म बुद्धि से बनाया है, इस कारण उसमें सब नियम यथायोग्य दिये हैं। अस्तु। इस

से यह सिद्ध हुवा कि सब भाषाओं में सन्धि हैं। सन्धि करना या न करना वक्ता के तथा अवसर के ऊपर निर्भर है।

वाक्य

१ नृपेण तस्मै धनं दत्तम्।	राजाने उसको धन दिया।
२ रामः सीतया सह वनंगतः।	राम सीता के साथ बनको गया
३ अपराधं विना तेन स दण्डितः।	अपराध के बिना उसने उस को दण्ड दिया।
४ कुमारेण कण्ठे माला धृता	लड़केने गलेमें माला धारणकी।
५ मया तस्य वार्ता अपि न श्रुता।	मैंने उसकी बात भी नहीं सुनी।
६ त्वया सुखं प्राप्तम्।	तूने सुख प्राप्त किया।
७ कृष्णस्य उपदेशेन अर्जुनस्य मोहः नष्टः।	कृष्ण के उपदेश से अर्जुन का मोह नाश होगया।
८ गंगायाः उदकं स्नानार्थं अत्र आनय।	गंगा का जल स्नानके लिये यहां ले आ।
९ ते गृहं गच्छन्ति।	वे घर जाते हैं।
१० * जनास्तं मुनिं * नैव निंदन्ति।	लोक उस मुनी को नहीं निंदते हैं।

---

* जनाः + तं * न + एव।

६ षष्ठः पाठः ।

शब्द-पुंल्लिंगी

भावितचेताः—विचारयुक्त	विषादः—खेद, कष्ट
विवेकः—विचार, सोच	विप्रः—ब्राह्मण
अविवेकः—अविचार	बालः—छोटा लड़का
राजन्—राजा	सर्पः—सांप
राज्ञः—राजा का	कृष्णसर्पः—काला सांप
वत्सः—लड़का, बछड़ा	चोरः—चोर
आचार्यः—गुरु	जनः—मनुष्य
कालः—समय	नकुलः—मूंगस, नेवला
अनुशयः—पश्चात्ताप	पाठकः—पढनेवाला

स्त्रीलिंगी

भार्या—धर्मपत्नी	बाला—लड़की, स्त्री
उज्जयिनी—उज्जयिनी नगरी	आचार्या—स्त्री अध्यापिका
उज्जयिन्याम्—उज्जयिनीनगरी में	आचार्यानी—गुरुपत्नी

नपुंसकलिंगी

पार्वणं—पर्वणी में होने वाला श्राद्धादि	अपत्यं—संतान
	आह्वानं—निमंत्रण
श्राद्धं—श्राद्ध, मृतक्रिया, श्रद्धा से किया हुवा कर्म	दारिद्र्यं—दरिद्रता, गरीबी
	पुरं—शहर, नगर

विशेषण

प्रसुता—प्रसूत हुई
विलिप्त—लेपन हुआ
खादित—खाया हुआ
व्यापादित—मारा हुआ, हनन किया हुआ
व्यापादितवान्-हनन करनेवाला
पर—श्रेष्ठ, बहुत, दूसरा
पालित—पाला हुवा
खंडित—तोड़ा हुवा
सुस्थः—आराम से युक्त

अव्यय

निर्विशेषं—सामान
अथ—अनंतर
सत्वरं—शीघ्र
तथाविधं—वैसा

क्रिया

अवस्थाप्य—रखकर
व्यवस्थाप्य— „
उपगम्य—पास जाकर
अवधार्य—समझकर
उपसृत्य—पास होकर
निरीक्ष्य—देखकर
स्नातुं—स्नान करने के लिये
लुलोट—पड़ा
यातु—जाने दो
ग्रहीष्यति—लेगा
उपगच्छति—पास जाता है
व्यवस्थापयति—ठीक रखता है

वाक्य

संस्कृत	भाषा
(१) अस्ति कलिकाता—नगरे सूर्यशर्मा नाम विप्रः ।	कलकत्ता शहर में सूर्य शर्मा नामक ब्राह्मण है ।

(२) प्रभावती नाम्नी तस्य भार्या सुशीला अस्ति ।

प्रभावती नामक उसकी धर्मपत्नी सुशीला है ।

(३) एकदा सा नदीतीरे स्नानार्थं गता ।

एक समय वह नदी किनारे स्नान के लिये गई ।

(४) सूर्यशर्मा ब्राह्मणः गृहे स्थितः ।

प० सूर्य शर्मा घर में रहा ।

(५) स अचिंतयत ।

वह सोचने लगा ।

(६) यदि सत्वरं अहं न गमिष्यामि ।

अगर शीघ्र मैं नहीं जाऊंगा ।

(७) अन्यः कोऽपि तत्र गमिष्यति ।

दूसरा कोई वहां जायगा ।

(८) तस्य भार्या स्नानं कृत्वा शीघ्रं एव गृहं आगता ।

उसकी धर्म पत्नी स्नान करके जलदी से ही घर आगई ।

(९) सूर्यशर्मा स्वभार्यां आगतां अवलोक्य अवदत् ।

पं० सूर्यशर्मा अपनी धर्मपत्नी आई हुई देख कर बोला ।

(१०) देवि! अहं इदानीं बहिर्गन्तुं-इच्छामि ।

देवि, मैं अब बाहर जाना चाहता हूं ।

(११) पत्नी ब्रूते । भगवन्, कुत्र गन्तुं इच्छा इदानीम् ।

पत्नी बोलती है । भगवन्, कहां जाने को इच्छा है]अब ।

(१२) राज्ञः गृहे निमंत्रणं अस्ति ।

राजा के घर निमंत्रण है ।

(१३) तर्हि गंतव्यम् । शीघ्रमेव आगन्तव्यम् ।

तो जाइये । जल्दी [वापस] आइये ।

(१४) सत्वरं पाकादिकं सिद्धं भविष्यति ।

शीघ्र ही भोजन तैयार होगा ।

[३] अविवेकोऽनुशयाय कल्पते ।

(१) अस्ति उज्जयिन्यां माधवः नाम विप्रः । तस्य भार्या प्रसूता सा बालाऽपत्यस्य रक्षणार्थं पतिं अवस्थाप्य स्नातुं गता ।

[२] अथ ब्राह्मणाय राज्ञः पार्वणश्राद्धं दातुं आहवानं आगतम् । तत् श्रुत्वा स विप्रः सहजदारिद्याद् अचिंतयत ।

[३] यदि सत्वरं न गच्छामि तदा तत्र अन्यः कश्चित् श्राद्धं ग्रहीष्यति ।

[४] किंतु बालकस्य अत्र रक्षको नास्ति । तत् किं करोमि । यातु । चिरकाल-पालितं इमं नकुलं पुत्र निर्विशेषं बालकरक्षणार्थं, व्यवस्थाप्य गच्छामि । तथा कृत्वा गतः ।

(३) अविचार पश्चाताप के लिये होता है ।

(१) उज्जयिनी नगरी में माधव नामक ब्राह्मण है । उसकी धर्मपत्नी प्रसूत हुई । यह बाल संतान की रक्षा के लिये पति को रख कर स्नान के लिये चली ।

(२) अनंतर ब्राह्मण के लिये राजा का पार्वणश्राद्ध देने के लिये निमंत्रण आगया । यह सुनकर वह ब्राह्मण स्वाभाविक दरिद्रता से सोचने लगा ।

(३) अगर शीघ्र नहीं जाता हूं तो वहां दूसरा कोई श्राद्ध लेगा ।

(४) परन्तु बालक का यहाँ रक्षा करने वाला नहीं । तो क्या करूं । जाने दो । बहुत समय से पाले हुवे इस पुत्र के समान मूंगस को संतान की रक्षा के लिये रखकर जाता हूं वैसा करके गया ।

(५) ततः तेन नकुलेन बालक समीपं आगच्छन् कृष्णसर्पो दृष्ट्वा व्यापादितः खण्डितः च।

(५) पश्चात उस मूंगस ने बालक के पास आने वाले काले सांप को देखकर [उसको] मारा और टुकड़े किये।

(६) ततो असौ नकुलो ब्राह्मणं आयान्तं अवलोक्य रक्त-विलिप्त मुख-पादः सत्वरं उपगम्य तच्चरणयोः लुलोट।

(६) अनंतर यह मूंगस ब्राह्मण को आते हुए देखकर खून से भरे हुवे मुंह और पांव [के साथ] शीघ्र पास आकर उनके पांव पर पड़ा।

(७) ततः स विप्रः तथाविधं तं दृष्ट्वा बालको नेन खादितः इति अवधार्य नकुलं व्यापादितवान्।

[७] बाद वह ब्राह्मण वैस उसको देखकर बालक इसने खाया ऐसा समझ कर मूंगस को मारा।

(८) अनंतरं यावद् उपसृत्य पश्यति तावद् बालकः सुस्थः सर्पः च व्यापादितः तिष्ठति।

(८) अनन्तर जब पास आकर देखता है तब बालक आराम [में] है और सांप मरा हुआ है (ऐसा देखा)

(९) ततः तं उपकारकं नकुलं निरीक्ष्य भावितचेताः स परं विषादं गतः।

[९] पश्चात उस उपकार करने वाले मूंगसको देखकर विचारमय होकर बहुत दुःख को प्राप्त हुआ।

[हितोपदेश]

समास—विवरण।

[१] अविवेकः————न विवेकः अविवेकः। अविचारः।

[२] विप्रः————विशेषेण प्राज्ञः विप्रः। विशेषज्ञानयुक्तः।

[३] सत्वर ————त्वरया सहितं सत्वरं। शीघ्रं।

[४] बालक रक्षणार्थ-बालकस्य रक्षणं, बालक रक्षणम्।
बालक रक्षणस्य अर्थः, बालक रक्षणार्थः
त बालक रक्षणार्थम्।

[५] बालकसमीपं—बालकस्य समीपं बालक समीपम्।

[६] कृष्णसर्पः——कृष्णश्च असौ सर्पश्च कृष्णसर्पः।

[७] रक्तविलिप्तमुखपादः-रक्तेन विलिप्तः रक्त विलिप्तः। मुखं च पादः च मुखपादौ। रक्तविलिप्तौ मुखपादौ यस्य स रक्तविलिप्त मुखपादः।

[८] तच्चरणौ————तस्य चरणौ तच्चरणौ।

[९] उपकारकः————उपकारं करोति इति उपकारकः।

[१०] भावित चेताः—भावितं चेतः मनः यस्य स भावितचेता।

सन्धि किये हुए कुछ वाक्य।

मूर्खो[१] भार्यामपि[२] वस्त्रं न ददाति—मूर्ख, धर्मपत्नी को भी कपड़े नहीं देता।

---

१ मूर्खः+भार्या। २ भार्याम्+अपि।

[२] वसिष्ठो[३] राममुपदिशति[४]———वसिष्ठ रामको उपदेश देता है।

[३] विप्रास्तत्वं[५] जानन्ति———पंडित लोक तत्त्व जानते है।

[४] पर्वतेवृत्तास्सन्ति[६] ———पर्वत पर वृत्त हैं।

[५] अग्निर्गृहं[७] दहति———आग घर जलाती है।

[६] आचार्यस्तं[८] नापश्यत[९]———गुरुने उसको नहीं देखा

[७]मूल्यमदत्त्वै[१०]व[११] तेन धान्यमानीतम्[१२]—कीमत न देकर वह धान लाया।

[८] नमस्ते[१३]———तेरे लिये नमस्कार।

(९) नमो[१४] भगवते वासुदेवाय———नमस्कार भगवान् वासुदेव के लिये।

---

३ वसिष्ठः+रामं। ४ रामं+उपदिशति। ५ विप्राः+तत्त्वम्। ६ वृत्ताः+सन्ति। ७ अग्निः+गृहं। ८ आचार्यः+तं। ९ न+अपश्यत्। १० मूल्यं+अदत्वा। ११ अदत्वा+एव। १२ धान्यं+आनीतं। १३ नमः+ते। १४ नमः+भगवते।

(१०) नमस्तुभ्यम्[१५]————————तुम्हारे लिये नमस्कार।

[११] वसिष्ठविश्वामित्र भारद्वाजेभ्यो[१६] नमः-वसिष्ठ, विश्वामित्र भारद्वाज इनके लिये नमस्कार

(१२) साधुभिर्[१७]जनै[१८]स्तव मित्रत्वमस्ति[१९]—साधु जनों के साथ तेरी मित्रता है।

(१३) श्रीरामचन्द्रोजयतु[२०]————श्रीरामचन्द्र का जय हो

(१४) श्रीधरोनद्यां[२१] स्नाति———श्रीधर नदी में स्नान करता है।

(१५) त्वामभिवादये[२२]—————तुमको [मैं] नमस्कार करता हूं॥

---

१५ नमः+तुभ्यम। १६ भारद्वाजेभ्यः+नमः। १७ साधुभिः+जनैः १८ जनैः+तव। १९ मित्रत्व+अस्ति। २० चन्द्रः+जयतु। २१ श्रीधरः+नद्यां। २२ त्वां+अभिवादये।

--+०+--

सप्तमः पाठः ।

पूर्वोक्त छः पाठों में अकारान्त, इकारान्त, तथा उकारान्त पुंलिंगी शब्द चलाने का प्रकार बताया है। इकारान्त तथा उकारान्त पुंलिंगी शब्द एक जैसे ही चलते हैं। इकारान्त पुंलिंगी शब्दों में जहां "य" आता है वहां उकारान्त पुंलिंगी शब्दोंमें "व" आता है, तथा "इ और ए" के स्थान पर क्रमशः "उ और ओ' आते हैं। यह सुविज्ञ पाठकों के ध्यान में आया होगा। इतनी बात ध्यान में रखने से शब्द कण्ठ करने की बहुत सी मेहनत बच जावेगी।

दीर्घ आकारान्त, ईकारान्त तथा ऊकारान्त पुंलिंगी शब्द बहुत प्रसिद्ध न होने के कारण इस समय नहीं देते हैं उनका विचार आगे करेंगे अब क्रमप्राप्त ऋकारान्त शब्द के रूप देखिए:—"धातृ" (ऋकारान्त, पुंलिंगः)

	एक वचन	द्विवचन	बहुवचन
(१)	धाता	धातारौ	धातारः
सं०	हे धातः [धातर्]	हे "	हे "
[२]	धातारम्	"	धातॄन्
[३]	धात्रा	धातृभ्याम्	धातृभिः
[४]	धात्रे	"	धातृभ्यः
[५]	धातुः	"	"
[६]	"	धात्रोः	धातॄणाम्
[७]	धातरि	"	धातृषु

इसी प्रकार कर्तृ, नेतृ, नप्तृ, शास्तृ, उद्गातृ, दातृ, ज्ञातृ, विधातृ, इत्यादि शब्द चलते हैं। पाठकों को उचित है कि वे इन सब शब्दों के रूप कागज़ों पर लिखें, ताकि सब विभक्तियों के रूप ठीक ठीक स्मरण हो जायं। जितना बल पाठक गण इन शब्दों की तैयारी में लगा देंगे उसी प्रमाण से उनकी संस्कृत बोलने लिखने आदि की शक्ति बढ़ेगी। अस्तु।

पूर्वोक्त छे पाठोंमें पाठकोंने देखा होगा कि वाक्यों में कई शब्द अकेले होते हैं। तथा कई शब्द दो दो तीन तीन अथवा अधिक शब्द मिल कर बनते हैं। दो अथवा दो से अधिक शब्दों से बने हुए शब्द समुदाय को 'समास' कहते हैं। जैसा–रामकृष्ण गंगाधर, कृष्णार्जुन, ज्वरार्त, तपोवन, मुनिमूषक इ०। ये तथा इस प्रकार के सहस्रों सामासिक शब्द संस्कृत में प्रति दिन प्रयुक्त होते हैं। समासों द्वारा थोड़ा बोलने से बहुत अर्थ निष्पन्न होता है।

[१] 'गंगाया लहरी' ऐसा कहने की अपेक्षा 'गंगालहरी' इतना कहने से ही 'गंगाकी लहर' ऐसा अर्थ उत्पन्न होता है

[२] " पीतं अंबरं यस्य सः " इतना कहने की अपेक्षा 'पीतांबर' इतना ही कहने से पीला है वस्त्र जिसका (वह विष्णु) इतना अर्थ निष्पन्न होता है।

[३] तस्य वचनं = तद्वचनम्।

(४) प्रजायाः हितं = प्रजाहितम ।

(५) भरतस्य पुत्रः = भरतपुत्रः ।

इस प्रकार अन्यान्य शब्दों के विषय में जानना चाहिए । जब पाठकों के पास इस प्रकार का सामासिक शब्द आजायगा तब प्रथम उनके पद अलग २ करके और पूर्वापर संबंध देख कर उन पदों का अर्थ लगाना । जैसेः—

(१) अकीर्तिकरम् = अ + कीर्ति + करं = न कीर्तिः = अकीर्ति
अकीर्ति करोति इति = अकीर्तिकरम्

(२) मूषकशावकः = मुषक + शावकः = मुषकस्य
शावकः = मुषकशावकः ।

[३] रक्तविलिप्तमुखपादः = रक्त + विलिप्त + मुख + पादः = रक्तेन विलिप्तं = रक्तविलिप्तम् ।
मुखं च पादःच = मुखपादौ ।
रक्तविलिप्तौ मुखपादौयस्य सः =
रक्तविलिप्तमुखपादः ।

इस प्रकार समासों का विग्रह करने का प्रकार होता है ऐसा करनेसे समास का अर्थ खुलजाता है । समासों के प्रकार बहुत हैं । उन सब का वर्णन हम आगे करेंगे । यहां केवल नमूना बताया जाता है ।

११ नियम—संस्कृत में अकार के बाद आने वाले विसर्ग के सन्मुख अ आने से उस अकार सहित बिसर्ग का ओ होता है और आगे का अकार लुप्त हो जाता है तथा अकार के स्थान पर, अकार का सूचक ऽ ऐसा चिन्ह लिखते हैं।

ऽ यह चिन्ह अवश्यमेव लिखना चाहिए ऐसा कोई नियम नहीं। कोई लिखते हैं कोई नहीं लिखते। बोलने में अकार का उच्चार नहीं होता। (परन्तु बोलने वाले की इच्छा हो तो अकार का उच्चारण भी कर सकता है। अर्थात् संधि का नियम वक्ता जिस समय चाहे उस समय प्रयोग में आ सकता है जैसेः—

(१) कः अपि = कोऽपि
(२) रामः आगच्छत् = रामोऽगच्छत्।
(३) धन्यः अस्मि = धन्योऽस्मि।

} अः + अ = ओऽ

१२ नियम—पदान्त के अनुस्वार का म् होता है। और उसके आगे जो स्वर आजायगा उस स्वरके साथ वह मकार मिल जाता है। जैसेः—

[१] किं अस्ति = किमस्ति।

[२] वधं अभिकांतन् = वधमभिकांतन्।

[३] इदं औषधम् = इदमौषधम्।

इस प्रकार सब सन्धि जोड़कर वाक्य लिखने से पाठकों को स्वयं पढ़नेमें बड़ी कठिनता [दिक्कत] होगी, इसलिये इस

पुस्तक में किसी किसी स्थान पर संधि किये हैं, अन्य स्थानों पर किये नहीं। पाठकों को उचित है कि इन नियमों के अनुसार वे पाठों में जहां जहां संधि नहीं किया है वहां २ अवश्य संधि बनायें। और हर एक पाठ संधि करके लिखदें। ताकि संधियों का अभ्यास दृढ़ होजावे।

शब्द—पुंलिंगी

दण्डः—सोटी, डण्डा

महावीरः-बड़ाशूर, एक देवता

एकैकः—हर एक

मासः—महीना

मासि—महीने में

दुरात्मन्—दुष्ट आत्मा

विप्रवेशः—पंडित का पोशाक

वासरः—दिन

नंदनः—पुत्र, लड़का

प्रहसन्—हंसकर

भवतां—आप का

भवन्तः—आप (बहुवचन)

भवान्—आप (एक वचन)

बलिः—बली, भोजन,

दुष्टाशयः—बुरे मन वाला

महाशयः—अच्छे मनवाला

अभिकांक्षन्-इच्छा करने वाला

जनपदः—देश

मधुपर्कः—दहि, मधु आदि

पार्थिवः—राजा

स्तुवन्—स्तुती करनेवाला

स्वः—अपना

स्त्रीलिंगी

चतुर्दशी = चतुर्दशी तिथी चौदह तारीख

भूमिः—पृथ्वी

कारा—जेलखाना

नपुंसकलिंगी

वक्तव्यम्—बोलने योग्य
अभिलषितं—इच्छित
भीषणं—भयंकर
द्वंद्वं—मल्लयुद्ध
द्वन्द्वयुद्धं—मल्लयुद्ध
वस्तु—पदार्थ
स्व वेश्मन—अपना घर
वेश्मन्—घर
आसनं—आसन
गृहं—घर
मद्गृहं—मेरा घर
कारागृहं—जेलखाना

विशेषण

मन्वान—माननेवाला
भीषण—भयंकर
संशोधित—कहा हुवा
कारागृहीत—जेल में पड़ाहुवा
कृतकृत्य—कृतार्थ
दीक्षित—जिसने दीक्षाली हुईहै
बलिष्ठ—बलवान
उचित—योग्य, ठीक, मुनासिब

अन्य

बहुधा—अनेक प्रकार से
पुरा—प्राचीन काल में
किल—निश्चय से
यथोचित—योग्यतानुसार
इति—ऐसा
द्विधा—दो प्रकार से
दण्डवत—सोटी के समान
वस्तुतः—सचमुच

क्रियो

निर्जित्य— जीतकर के
निरुध्य— बंदकर के
समुपवेश्य— बिठलाकर
आकर्ण्य— सुनकर
प्रणम्य— नमस्कार करके
संपूज्य— पूजा करके
हत्वा— हनन करके
घातयित्वा— "
वृणीष्व— चुन

वरयामास—चुना
आसीत्—था
अकरोत्—करता था
प्रदास्यामि— दूंगा
प्रवर्तते—होता है
मोचयामास—खुला किया
निपातयामास—गिराया
प्रतिपेदिरे—प्राप्त हुवे

वाक्य

[१] पुरा किल कृष्णकृत्यो नाम एक: क्षत्रियः आसीत् ।

प्राचीन काल में कृष्णकृत्य नामक एक क्षत्रिय था।

[२] स दुष्टाशयोऽन्यायेन राज्यमकरोत् ।

वह दुष्ट आत्मा अन्याय से राज्य करता था।

[३] तेन बहवः क्षत्रियाः कारागृहे स्थापिताः ।

उसने बहुत क्षत्रिय जेलखाने में रक्खे थे।

[४] तस्मिन् राज्ये शासति* न कोऽपि सुखं प्राप्तवान् ।

उसके राज्य शासनके समय कोई भी सुखको प्राप्त नहीं हुआ

*यह सति सप्तमी है। संस्कृत में इस प्रकारके प्रयोग बहुत आते हैं। जिसका वर्णन हम आगे विस्तार पूर्वक करेंगे।

(५) सर्व धार्मिकाः तस्य राज्यं त्यक्त्वा अन्यत्र गताः।

सब धार्मिक (पुरुष) उसका राज्य छोड़कर दूसरे स्थान पर गये ।

(६) श्रीकृष्णः तस्य वधमिच्छन् तस्य राजधानीं गतः ।

श्रीकृष्ण उसके वध की इच्छा करता हुआ उसकी राजधानी को गया ।

(७) तेन सह भीमोऽपि आसीत् ।

उसके साथ भीम भी था ॥

(८) भीमसेनः कृष्णकृत्येन सह मल्लयुद्धमकरोत् ।

भीमसेन ने कृष्णकृत्य के साथ मल्लयुद्ध किया ।

---

[४] जरासंध-कथा

[४] जरासंधकी कथा

[१] पुरा किल जरासंधो नाम कोऽपि क्षत्रियः आसीत् स दुरात्मा महावीरान् क्षत्रियान् युद्धे निर्जित्य स्ववेश्मनि निरुध्य मासि मासि कृष्ण चतुर्दश्यां एकैकं हत्वा भैरवाय तेषाँ बलिं अकरोत्।

पूर्वकाल में निश्चयसे जरासंध नामक कोई एक क्षत्रिय था। वह दुष्टाशय बड़े शूर क्षत्रियों को युद्ध में जीतकर अपने घरमें बन्दकरके प्रत्येक महीने में कृष्ण (पक्षके) चतुर्दशी के दिन एक एक को हनन करके भैरव के लिये उनका बलि करता था।

(२) एवं सकल-जनपद क्षत्रिय बधे दीक्षितस्य तस्य दुष्टाशय स्य वधं अभिकांक्षन् श्रीकृष्णः भीमार्जुनसहितः तस्य गृहं विप्रवेषेण प्रविवेश।

(२) इस प्रकार संपूर्ण देश के क्षत्रियों को हनन करने की दीक्षा (व्रत) लिये हुवे उस दुरात्मा के बध की इच्छा करनेवाला श्रीकृष्ण भीम तथा अर्जुन के साथ उसके घर पंडित की पोशाक में प्रविष्ट हुआ।

(३) स तु तान् वस्तुतो विप्रान् एवं मन्वानो दण्डवत् प्रणम्य यथोचितं आसनेषु समुपवेश्य मधुपर्कदानेन संपूज्य, धन्योऽस्मि, कृतकृत्योऽस्मि, किमर्थं भवन्तो मद्गृहं आगताः तदुक्तव्यम्।

(३) वह तो उनको सच-मुच ब्राह्मण ही समझ कर सोटी के समान (दण्डवत्) नमस्कार करके यथा योग्य आसनों के ऊपर बिठला के मधुपर्क देकर पूजाकरके, "(मैं) धन्य हूं, (मैं) कृत्यकृत्य हूं, किस लिये आप मेरे घर आये, वह कहिये।

(४) यद् यद् अभिलषितं तत् सर्वं भवतां प्रदास्यामि इति उवाच। तद् आकर्ण्य भगवान् श्रीकृष्णः प्रहसन् पार्थिवं तं अब्रवीत्।

(४) जो जो आपका इच्छित होगा वहसब आपको दूंगा" ऐसा बोला। वह सुनकर भगवान् श्रीकृष्ण हंसता हुवा उस राजा को बोला।

(५) भद्र वयं कृष्ण-भीमार्जुना युद्धार्थं समागताः । अस्माकं अन्यतमं द्वंद्वयुद्धार्थं वृणीष्व इति ।

(६) सोऽपि महाबलः 'तथा' इति वदन् द्वंद्वयुद्धाय भीमसेनं वरयामास । अथ भीमजरासंधयोः भीषणं मल्लयुद्धं पंचविंशतिं वासरान् प्रवर्तते स्म ।

(७) अन्ते च भगवता देवकीनंदनेन संबोधितः स भीमसेनः तस्य शरीरं द्विधा कृत्वा भूमौ निपातयामास ।

(८) एवं बलिष्ठं जरासंधं पाण्डुपुत्रेण घातयित्वा तेन कारागृहीतान् पार्थिवान् वासुदेवो मोचयामास ।

(९) तेऽपि तं भगवंतं बहुधा स्तुवंतः स्वान् स्वान् जनपदान् प्रतिपेदिरे ।

महाभारतम्

(५) हे कल्याण, हम कृष्ण भीम, अर्जुन युद्ध के लिये आये हैं । हमारे में से किसी एक को द्वंद्वयुद्ध के लिये चुनो " (ऐसा) ।

(६) उस महाबली ने भी "ठीक" ऐसा कहकर मल्लयुद्ध के लिये भीमसेन को चुना। पश्चात भीम और जरासंध इनका भयंकर मल्ल युद्ध २५ दिन हुवा ।

(७) अन्त में भगवान् देवकी पुत्र (कृष्ण) ने कहे हुवे उस भीमसेन ने उसके शरीर के दो हिस्से करके भूमी पर गिराये ।

(८) इस प्रकार बलवान् जरासंध को पाण्डु के पुत्र ने मार कर उसने जेलखाने में बंद किये हुए राजाओं को श्रीकृष्ण ने छोड़ दिया ।

(९) वे भी उस भगवान की बहुत प्रकार स्तुति करते हुवे अपने देश को प्राप्त हुवे ।

समास—विवरणम् ।

(१) दुष्टाशयः————दुष्टः आशय यस्य स दुष्टाशयः ।
दुरात्मा ।

(२) भीमार्जुनसहितः —— भीम च अर्जुन च भीमार्जुनौ ।
भीमार्जुनाभ्यां सहितः भीमार्जुन
सहितः ।

(३) मधुपर्कदानं————मधुपर्कस्य दानं मधुपर्कदानम् ।

(४) कृष्णभीमार्जुनाः——कृष्णश्च भीमश्च अर्जुनश्च
कृष्णभीमार्जुनाः ।

(५) देवकीनंदनः————देवक्याः नंदनः देवकीनंदनः ।

(६) सकलजनपदक्षत्रियवधः—सकलं च तत् जनपदं च स-
कल जनपदं । सकलजनपदस्य
क्षत्रियाः सकलजनपदक्षत्रियाः ।
सकलजनपदक्षत्रियाणां वधः-
सकलजनपदक्षत्रियवधः ।

अष्टमः पाठः ।

संस्कृत में पुंलिंग के लृकारान्त, एकारान्त, ऐकारान्त, ओकारान्त तथा औकारान्त शब्द हैं, परन्तु उनमें बहुत ही थोड़े ऐसे हैं कि जो व्यावहारिक वार्तालापमें आते हैं। इसलिये इनको छोड़कर व्यंजनान्त पुंलिंगी शब्दों के रूपों का प्रकार अब लिखते हैं—

अन्नन्तः पुंलिंगो 'ब्रह्मन्' शब्दः ।

एक वचन	द्विवचन	बहुवचन
(१) ब्रह्मा	ब्रह्माणौ	ब्रह्माणः
सं० (हे) ब्रह्मन	(हे) "	(हे) "
(२) ब्रह्माणम्	"	ब्रह्मणः
(३) ब्रह्मणा	ब्रह्मभ्याम	ब्रह्मभिः
(४) ब्रह्मणे	"	ब्रह्मभ्यः
(५) ब्रह्मणः	"	"
[६] "	ब्रह्मणोः	ब्रह्मणाम्
[७] ब्रह्मणि	"	ब्रह्मसु

इसी प्रकार "अन्" है अंत में जिनके ऐसे 'आत्मन्, यज्वन, सुशर्मन, कृष्णवर्मन्, अनर्वन्' इत्यादि अन्नन्त शब्द चलते हैं। पाठकों को उचित है कि वे इनको स्मरण करके इन शब्दों के रूप लिखें। अन्नन्त शब्दों में कई ऐसे शब्द हैं कि जिन के रूप "ब्रह्मन्" शब्द से कुछ भिन्न प्रकार के होते हैं, उनमें "राजन" शब्द मुख्य है:— !

अन्नन्तः पुंल्लिंगो 'राजन' शब्दः ।

(१) राजा	राजानौ	राजानः
[सं] [हे] राजन्	[हे] ,,	[हे] ,,
[२] राजानम्	,,	राज्ञः

[३]	राज्ञा	———	राजभ्याम	———	राजभिः
[४]	राज्ञे	———	,,	———	राजभ्यः
[५]	राज्ञः	———	,,	———	,,
[६]	,,	———	राज्ञोः	———	राज्ञाम्
[७)	राज्ञि / राजनि	———	राज्ञोः	———	राजसु

इस शब्द के समान "मज्जन, सीमन्, महिमन्, गरिमन्, लघिमन्, सुनामन्, दुर्नामन्, अणिमन्," इत्यादि शब्द चलते हैं। पाठकों को चाहिये कि वे इनके रूप बनाकर लिखें। ताकि इनके रूप बनाना वे न भूल जांय। अब कुछ स्वर संधि के नियम लिखते हैं।

१३नियम—अ, इ, ऊ, ऋ इन स्वरोंके सन्मुख सजातीय ह्रस्व अथवा दीर्घ यही स्वर आ गये तो उन दोनों स्वरों का एक सजातीय दीर्घ स्वर बनता है। जैसे:—

अ + अ = आ	अ + आ = आ
आ + अ = आ	आ + आ = आ
इ + ई = ई	ई + इ = ई
इ + इ = ई	ई + ई = ई
उ + उ = ऊ	ऊ + उ = ऊ
उ + ऊ = ऊ	ऊ + ऊ = ऊ
ऋ + ऋ = ॠ	

इनके उदाहरण नीचे दिये हैं उनको देखने से उक्त नियम ठीक प्रकार समझ में आवेगा।

[अ]

वशिष्ठ + आश्रमः = वशिष्ठाश्रमः = अ + आ = आ
रमा + आनन्दः = रमानंदः = आ + आ = आ
दिव्य + अरुणः = दिव्यारुणः = अ + अ = आ
देवता + अंशः = देवतांशः = आ + अ = आ

इन उदाहरणों में प्रथम दो शब्द दिये हैं, पश्चात् उनका संधि बनाकर रूप दिया है, तत्पश्चाद् कौन से स्वर मिलने से कौनसा स्वर हुवा है यह बताया है। इसी प्रकार अन्य स्वर के उदाहरण नीचे दिये हैं:—

[इ]

कवि + इष्टम् = कवीष्टम् = इ + इ = ई
नदी + इच्छा = नदीच्छा = ई + इ = ई
कवि + ईश्वरः = कवीश्वरः = इ + ई = ई
लक्ष्मी + ईश्वरः = लक्ष्मीश्वरः = ई + ई = ई

[उ]

भानु + उदयः = भानूदयः = उ + उ = ऊ
चमू + ऊर्मिः = चमूर्मिः = ऊ + ऊ = ऊ
वधू + उच्छिष्टम् = वधूच्छिष्टम् = ऊ + उ = ऊ
सूनु + ऊरुः = सूनूरुः = उ + ऊ = ऊ

ऋकार के संधि प्रसिद्ध नहीं है इसलिये नहीं दिये हैं।

पाठकों को चाहिये कि वे इस संधि नियम को ठीक स्मरण रखें। क्योंकि यह नियम बहुत उपयोगी हैं अब नीचे कुछ शब्द दिये हैं उनको कंठ कीजिये:—

शब्द—पुंलिंगी

अधिपतिः—राजा	भ्रातृ—भाई
पतिः—स्वामी	भ्रातरं—भाई को
दुर्गः—किला	अधीशः—स्वामी, राजा
अधिकारः—हकूमत	दीनारः—मोहर
उदन्तः—वृत्तान्त	स्वामिन्—स्वामी
बहुमानः—बहुत सन्मान	स्वामिने—स्वामी के लिये
ईशः—स्वामी	वदन्—बोलने वाला

नपुंसकलिंगी

वादित्वम्—बोलना	यौवनं—तारुण्य, जवानी
सहस्रं—हजार	तेजस—तेज, चमक
आर्जवं—सरलता	तेजसा—तेजसे

विशेषण

पीन—मोटाताजा	अधर्मशील—अधार्मिक
कृपण—कंजूस	भ्रष्टाधिकार-जिस का अधिकार छीना है
इतर—अन्य	सुलभ—सुप्राप्य, आसान
गत—प्राप्त,गया हुवा,संबंध में	दुर्विनीत—नम्रता रहित
दुर्गगत—किले के संबंध में	क्रूर-क्रोधी,गुस्सा करनेवाला
कारित—कराया	अन्यायप्रवृत्तः,अन्यायमेंप्रवृत्त
तुष्ट—खुश	

अव्यय

इह—इस लोक में	अमुत्र—परलोक में
मह्यं—मुझे, मेरे लिये	अग्रे—सन्मुख

धातुसाधित

भेतव्यं—भीने योग्य	रक्षितव्यं—रक्षा करने योग्य

क्रिया

लभते—प्राप्त करता है	अपृच्छत्—पूछा (उसने)
बिभेमि—डरता हूं	अब्रवीत—बोला (वह)
बिभेषि—डरता है (तूं)	अभाषत—बोला (वह)
शास्ति—राज्य करता है	अगदत्—बोला (वह)
बिभेति—डरता है	आगदम्—(मैंने) कहा
अपृच्छम्—(मैंने) पूछा	अगदः—(तूंने) कहा
अपृच्छः—(तूने) पूछा	अब्रवीः—(तूंने) कहा
अगच्छत्—गया	शास्मि—राज्य करता हूं

वाक्य

संस्कृत	भाषा
(१)मालवदेशस्य राजा कंचित् पुरुषं दुर्गस्य वृत्तमपृच्छत ।	मालव देशका राजा किसी एक पुरुष से किलेका वृत्तांत पूछता था ।
(२) किमर्थं स राजा तमेव पुरुषमपृच्छत ।	क्यों वह राजा उसी पुरुष से पूछता था ।

[३] यतः स पुरुषः दुर्गप्रदेशाद् आगतः ।

क्योंकि वह पुरुष दुर्ग देश से आया था ।

[४] पुरुषेण राज्ञे किं कथितम ।

पुरुष ने राजा को क्या कहा

[५] दुर्गपालः कृपणोऽधार्मिकः क्रूरोऽविनीतः च अस्ति इति पुरुषोऽवदत् ।

दुर्गपाल कंजूस, अधार्मिक, क्रूर, अ-नम्र है ऐसा मनुष्य ने कहा ।

[६] तद् आकर्ण्य राजा क्रोधं प्राप्तः ।

वह सुन कर राजा क्रोध को प्राप्त हुआ ।

[७] पुरुषेण उक्तम् । क्रोधः किमर्थं क्रियते । यन्मया उक्तं तत्सत्यं अस्ति।

पुरुष ने कहा । गुस्सा किस लिये किया जाता है । जो मैंने कहा वह सत्य है ।

[८] यः पुरुषः ईश्वराद् विभेति स इतरस्मात् कस्माद् अपि न विभेति ।

जो मनुष्य ईश्वर से डरता है वह ईश्वर से भिन्न दूसरे किसी से भी नहीं डरता ।

[९] राजा तस्य वचनेन तुष्टः सन् तस्य दीनाराणां सहस्रं ददौ ।

राजा उसके भाषण से संतुष्ट होकर उसको उसने हजार मोहरें दीं ।

[१०] यः सत्यं वदति तं ईश्वरः सदैव रक्षति ।

जो सत्य बोलता है उस की ईश्वर हमेशा रक्षा करता है

[११] अतः सर्वे सत्यमेव वदन्ति ।

इस कारण सब लोक सच्चा बोलते हैं ।

[५] कृतार्थसत्यवादित्वम्

[१] मालवाधिपतिः दर्पसारः दुर्गात आगतं कंचित पुरुषं दुर्गपाल-गतं उदन्तं अपृच्छत ।

[२] पुरुषः अब्रवीत । स दुर्गपालः पीनः यौवन-सुलभेन तेजसा बलेन च युक्तः स्वर्गाधिपतिरिव कालं नयति ।

[३] दर्पसारः प्राह । 'नाहं तस्य शरीरस्वास्थ्यं पृच्छामि किंतु कथं स प्रजाः शास्ति इति मह्यं कथय' ।

[४] पुरुषोऽभाषत । 'स कृपणः अधर्मशीलः दुर्विनीतःक्रूरः च अस्ति' । राजा अभाषत । 'प्रजाभिः दोषान् तस्य स्वामिने कथयित्वा किमर्थं भ्रष्टाधिकारो न कारित. ।

[५] सच बोलने से कृतकारिता ।

[१] मालव देश के राजा दर्पसार ने दुर्ग से आये हुवे किसी एक पुरुष को दुर्गपाल संबंधि वृत्तान्त पूछा ।

[२] पुरुष बोला । यह दुर्गपाल मोटा ताजा, तारुण्य के कारण प्राप्त हुवे तेज से तथा बल से युक्त स्वर्ग के राजा के समान समय व्यतीत करता है ।

[३] दर्पसार बोला । 'नहीं मैं उसके शरीर का स्वास्थ्य पूछता हूं । परन्तु कैसा वह प्रजा के ऊपर राज्य करता है यह मुझे कह ' ।

[४] पुरुष बोला 'वह कंजूस अधार्मिक, नम्रता रहित, और क्रोधी है, राजा बोला । 'प्रजाओं ने उसके दोष राजा को कथन करके क्यों अधिकार भ्रष्ट न कराया ।

(५) पुरुषोऽकथयत् । तस्य स्वामी स्वयमेव अन्याय-प्रवृत्तः अस्ति ।

(५) पुरुष बोला 'उसका स्वामी स्वयं भी अन्याय करने वाला है' ।

(६) राजा उवाच । पुरुष, न जानासि । कोऽहमिति । पुरुषः प्रत्यभाषत । जानामि त्वां दुर्गपालस्य ज्येष्ठ भ्रातरं मालवाधीशम् ।

(६) राजाबोला ।'हे मनुष्य तू नहीं जानता कौन मैं हूं' । पुरुष बोला । मैं जानता हूं कि तुम दुर्गपाल का बड़ा भाई मालव देश का राजा हो' ।

(७) राजा अगदत । एतद् वृत्तान्तं मम अग्रे कथयितुं कथं न विभेषि

(७) राजाबोला यह वृत्तान्त मेरेसामने कहने के लिये तू कैसे नहीं डरता है ।

(८) पुरुषःअवदत । ईश्वराद् बिभ्यत्पुरुषः तदितरस्मात कस्माद् अपि न विभेति ।

(८) पुरुष बोला । ईश्वर से डरने वाला मनुष्य उस के सिवाय अन्य किसी से भी नहीं डरता ।

(९) तथा च सत्यं वदन् जनो मनसाऽपि असत्यं न चिंतयति ।

(९)उसी प्रकार सचबोलने वाला मनुष्य झूठमन से भी नहीं चिंतन करता है'

(१०) अनेन वचनेन तुष्टो राजा पुरुषस्य आर्जवं दृष्ट्वा तस्मै दीनारसहस्रं अददात

(१०) इस भाषण से खुश हुवे हुवे राजा ने, पुरुष की सरलता को देखकर उसको

अवदत् च। सत्यभाषणे कृतनिश्चयेन पुरुषेण न कस्मादपि भेतव्यम्।

हजार मोहरें दीं और कहा सत्यभाषण करने का निश्चय किये हुए पुरुष को किसी से भी नहीं डरना चाहिये।

(११) यतः स सदा ईश्वरेण रक्षितव्यः। सत्यवादी इह अमुत्र च बहुमानं लभते।

११ कारण वह सदैव परमेश्वर से रक्षित होता है। सत्य भाषण करने वाला इस लोकमें तथा परलोकमें बहुत सन्मान प्राप्त करता है।

समास-विवरणम्

(१) मालवाधिपतिः—मालवस्य अधिपतिः मालवाधिपतिः।

(२) शरीरस्वास्थ्यम्—शरीरस्य स्वास्थ्यं शरीरस्वास्थ्यम्।

(३) अधर्मशीलः——न धर्मः अधर्मः। अधर्मं शीलं यस्य स अधर्मशीलः।

(४) भ्रष्टाधिकारः—भ्रष्टः अधिकारः यस्मात् स भ्रष्टाधिकारः।

(५) अन्यायप्रवृत्तः—अन्याये प्रवृत्तः अन्यायप्रवृत्तः।

(६) दीनारसहस्रं—दीनाराणां सहस्रं दीनारसहस्रम्।

(७) सत्यभाषणं——सत्यं च तत् भाषणं सत्यभाषणम्।

(८) कृतनिश्चयः——कृतः निश्चयः येन स कृतनिश्चयः।

९ नवमः पाठः

नकारान्त पुंलिंगी शब्दों में 'श्वन्, युवन्, मघवन्' इन शब्दों के रूप कुछ विलक्षण प्रकार से होते हैं। उनको नीचे देते हैं—

नकारान्त पुंल्लिंगः 'श्वन्' शब्दः।

(१)	श्वा	श्वानौ	श्वानः
सं०	(हे) श्वन्	(हे) ,,	(हे) ,,
(२)	श्वानम्	,,	,,
(३)	शुना	श्वभ्याम्	श्वभिः
(४)	शुने	,,	श्वभ्यः
(५)	शुनः	,,	,,
(६)	,,	शुनोः	शुनाम्
(७)	शुनि	,,	श्वसु

नकारान्तः पुंल्लिंगो 'युवन्' शब्दः।

(१)	युवा	युवानौ	युवानः
सं०	[हे] युवन्	हे ,,	(हे) ,,
[२]	युवानम्	,,	यूनः
[३]	यूना	युवभ्याम्	युवभिः
[४]	यूने	,,	युवभ्यः
[५]	यूनः	,,	,,
[६]	,,	यूनोः	यूनाम्
[७]	यूनि	,,	युवसु

नकारान्तः पुंल्लिंगो 'मघवन्' शब्दः।

[१]	मघवा	मघवानौ	मघवानः
सं०	[हे] मघवन्	[हे] ,,	,,
[२]	मघवानम्	,,	मघोनः
[३]	मघोना	मघवभ्याम्	मघवभिः
[४]	मघोने	,,	मघवभ्यः
[५]	मघोनः	,,	,,
[६]	,,	मघोनोः	मघोनाम्
[७]	मघोनि	,,	मघवसु

श्वन् (कुत्ता), युवन् (जवान), मघवन (इन्द्र), ये इनके अर्थ हैं। इनके प्रयोग संस्कृत में बहुत बार आते हैं। इसलिये पाठकों को चाहिये कि वे इनका ठीक २ स्मरण रखें। अब कुछ संधि के नियम देते हैं:—

१४ नियम— पदान्त के मकार के सन्मुख क, च, ट, त, प, इन पांच वर्गों में से कोई व्यञ्जन आ जाय तो उस मकार का अनुस्वार बनता है अथवा उसी वर्ग का अनुनासिक (पांचवां व्यञ्जन) बनता है जैसा:—

पीतम् + कुसुमम् = पीतं कुसुमम्, अथवा पीतङ्कुसुमम,
रक्तम् + जलम = रक्तं जलम ,, रक्तञ्जलम,
चक्रम + ढौकति = चक्रं ढौकति ,, चक्रण्ढौकति.

पुस्तकम् + दर्शय = पुस्तकं दर्शय ,, पुस्तकन्दर्शय,
दुग्धम् + पीतम = दुग्धं पीतम ,, दुग्धम्पीतम्,

१५ नियम—शब्द के अंदर के अनुस्वार अथवा मकार के सन्मुख पूर्वोक्त पांच वर्ग के व्यंजन आने से, उस अनुस्वार अथवा मकार का, उसी वर्ग का अनुनासिक बनता है जैसा-

अलंकारः = अलङ्कारः [जेवर]
पंचांगम् = पञ्चांगम् [जंत्री]
मंदिरम् = मन्दिरम् [घर]
पंडितः = पण्डितः [विद्वान]
पंपा = पम्पा [एक सरोवर]

परन्तु आजकल यह नियम कुछ शिथिल हुआ है। छपाई के तथा लिखने के सुभीते के लिये दोना प्रकार के रूप छापे तथा लिखे जाते हैं। पाठकों को यहां ध्यान देना चाहिये कि ये नियम विशेषतया उच्चारण के लिये होते हैं। अनुस्वार लिखा जाय अथवा परसवर्ण—अनुनासिक लिखा जाय दोनों का उच्चारण एक ही प्रकार का होना चाहिये। जैसाः-

गंगा }
गङ्गा } इन दोनों का उच्चारण "गङ्गा" ऐसा ही करना चाहिये भाषा में भी यह नियम बहुतांश में है " कंगी, घंटा, धंदा, अंदर, जंग, गंज, गुंफा" इत्यादि शब्द "कङ्गी, घण्टा धन्दा, अन्दर, जङ्ग, गञ्ज, गुम्फा" ऐसे ही बोले जाते हैं। कोई गलती से 'घम्टा, धम्दा' ऐसा उच्चारण करेगा तो उसकी उसी समय हंसी हो जायगी। यही बात संस्कृत शब्दों की भी समझनी चाहिये।

तथा नियम १२ के विषय में भी समझना चाहिये कि, अनुस्वार लिख कर आगे अलग स्वर भी लिखा जाय तो दोनों का मिलकर उच्चारण करना चाहिये। जैसाः—

गृहं आगच्छ = (इसका उच्चारण) = गृहमागच्छ
तं आनय = ,, = तमानय
वृक्षम् आलोक्य = ,, = वृक्षमालोक्य
इष्टम् अस्ति = ,, = इष्टमस्ति

सुगमता के लिये किसी प्रकार लिखा जाय परन्तु उच्चारण एक जैसा होना चाहिये। परन्तु किसी कारण वक्ता उनको बोलना चाहे तो अलग भी बोल सकता है। इस पुस्तक में पाठकों के सुभीते के लिये मकार, अनुस्वार तथा स्वर बहुत स्थान पर अलग ही छापे हैं। अब कुछ शब्द नीचे देते हैं।

शब्द—पुंल्लिंगी।

स्पृशन्—स्पर्श करने वाला
व्यपदेशः–कुटुंब, नाम, जाति
अभावः—न होना
नाथः—स्वामी
गजः—हाथी
यूथः—समुदाय
अभ्युपायः—उपाय
पर्वतः—पहाड़
दूतः—दूत नौकर
पतिः—स्वामी
जन्तुः—प्राणी
शशकः—खरगोश
चंद्रः—चांद
शशांकः—चांद
प्रतिकारः—प्रतिबंध
वाचकः—बोलने वाला

स्त्रीलिंगा ।

पिपासा— प्यास
तृषा— प्यास
वृष्टिः—वर्षा
आहतिः—आघात
वृष्टेः—वर्षा के

नपुंसकलिंगी ।

कुसुमं—फूल
जीवनं—जिंदगी
निमज्जनं —स्नान, डुबकी
कुलं—कुल,कुटुंब
चंद्रबिंबं—चंद्र की छाया
अज्ञानं—ज्ञान रहितता
ह्रदः —तालाब
तीरं—किनारा
शस्त्रं—हथियार
सरः—तालाब

विशेषण

पीत—पीला
क्षुद्र—छोटा
तृषार्त—प्यासा
कर्तव्य—करने योग्य
समायात—आया हुआ
प्रेषित— भेजा हुआ
कंपमान—कांपने वाला
आकुल—व्याकुल
अवध्य—वध करने योग्य
आलोचित—देखा हुवा
रक्त —लाल
संजात—हो गया, हुवा हुवा
निर्मल— साफ
आगंतव्य—आनेयोग्य, आना
चलित— चला हुवा
निःसारित—हटाया हुवा
चूर्णित—चूर्णकिया हुवा
अनुष्ठित— किया हुवा
उद्यत—तैयार,ऊंचाकियाहुवा
युक्त—योग्य

इतर-शब्द

कदाचित—किसी समय	नातिदूरम्— पास
क्व—कहां	प्रत्यहं—हर दिन
वारान्तरं—दूसरे दिन	कुतः—कहां से
अन्तिकं—पास	भवदन्तिकं—आपके पास
अन्यथा—दूसरे प्रकार	यथार्थ—सत्य
अज्ञानतः—अज्ञान से	ज्ञानतः—ज्ञान से

क्रिया

दर्शितवान-बताया, बताने वाला	प्रणम्य—नमस्कार करके
उच्यताम—कहिये, कहो	गच्छ—जा
यामः—जाते हैं	क्षम्यताम—क्षमा कीजिये
कुर्मः—करते हैं	विधास्यते—करेगा
प्रतिज्ञाय—प्रतिज्ञा करके	विनश्यति—नाश होता है
आरुह्य—चढकर	विषीदत—दुःख करो
संवादयामि—बुलवाऊंगा	

वाक्य

संस्कृत	भाषा
१ नृपतिर्भूमिं रक्षति।	राजा भूमि की रक्षा करता है
२ वृक्षे खगाः कूजन्ति।	वृक्ष के ऊपर पक्षी शब्द करते हैं।

---

१ नृपतिः+भूमिं।

(३) पर्वतस्य शिखरे मृगा[2]श्चरन्ति ।

पर्वत के शिखर पर हरण घूमते हैं ।

(४) उद्याने बाला[3]श्चरन्ति ।

बाग़ में लड़के घूमते हैं ।

(५) मार्गे रथा[4]श्चरन्ति ।

मार्ग में रथ घूमते हैं ।

(६) ततो नरपति[5]रतिदूरंगत्वा वनं दर्शितवान् ।

पश्चात् राजा ने बहुत दूर जाकर अरण्य बताया ।

(७) अनंतरं रामस्वरूपो[6]ऽचिन्तयत् ।

बाद राम स्वरूप सोचने लगा ।

(८) शृणु, मया[7]द्यै[8]व लेखो[9] लेखनीयः ।

सुनिये, मैंने आज यह लेख लिखना है ।

(९) तथा[10]ऽनुष्ठिते[11]ऽश्वपति[12]र्नल[13]मुवाच ।

वैसा करने पर अश्व पति नल को बोला ।

(१०) शृणु, एते ग्रामरक्षका[14]स्त्वया हताः । एत[15]त्त्वया नै[16]व साधु कृतम् ।

सुनो, ये ग्राम के रक्षक तूने मारे हैं । यह तूने नहीं अच्छा किया ।

---

२ मृगाः + चरन्ति । ३ बालाः + चरन्ति । ४ रथाः + चरन्ति । ५ नरपतिः + अति । ६ स्वरूपः + अचिन्त० । ७ मया + अद्य । ८ अद्य + एवः । ९ लेखः + लेख० । १० तथा + अनुष्ठि० । ११ अनुष्ठिते + अश्व० । १२ पतिः + नलं + । १३ नलं + उवाच । १४ रक्षकाः + त्वया । १५ एतत् + त्वया । १६ न + एव ।

(६) व्यपदेशे अपि सिद्धिः स्यात् ।

(१) कदाचित् वर्षासु अपि वृष्टेः अभावात् तृषार्तो गज-यूथो यूथपतिमाह । "नाथ को[1]ऽभ्युपायोऽस्माकं जीवनाय ।

(२) अस्ति अत्र क्षुद्र-जन्तूनां निमज्जन-स्थानम । वयं तु निमज्जनाऽभावाद्[2] अंधा इव संजाताः ।

(३) क्व यामः । किं कुर्मः" । ततो हस्तिराजो[3] नातिदूरंगत्वा निर्मलं ह्रदं दर्शितवान् ।

(४) ततो दिनेषु गच्छत्सु तत्तीरावस्थिताः[4] क्षुद्र-शशकाः गजैर्पादाहतिभिः[5] चूर्णिताः ।

[६] नाम में भी सिद्धि होगी ।

(१) किसी समय वर्सात में भी वृष्टी न होने के कारण प्यास से दुखित हाथीयों के समूह ने समुदायके राजा से कहा । 'हे स्वामिन्' कौनसा उपाय है हमारे जीने के लिये

(२) है यहां छोटे प्राणियों के लिये स्नानका स्थान । हम तो स्नान न होने से अंधे के समान होगये हैं ॥

(३) कहां जांय । क्या करें ! पश्चात् हाथियों के राजाने समीप जाकर एक स्वच्छ तालाब बताया ।

(४) बाद दिन व्यतीत होने पर उसकिनारेपर रहनेवाले छोटेखरगोश हाथीयों केपांव के आघात से चूरण हुवे ।

---

१ कः + अभि + उपायः + अस्माकं । २ मज्जन + अभाव । ३ तत + तीर + अवस्थित । ५ पाद + आहतिः ।

(५) अनंतरं शिलीमुखो नाम शशकः चिंतयामास । अनेन गजयूथेन पिपासाकुलेन[६] प्रत्यहं[७] अत्र आगन्तव्यम् ।

(६) अतो विनश्यति अस्मत्कुलम । ततो विजयो नाम वृद्धशशको अवदत् ।

७ 'मा विषीदत । मया अत्र प्रतीकारः कर्तव्यः । ततोऽसौ[८] प्रतिज्ञाय चलितः ।

८ गच्छता च तेन आलोचितम् । 'कथ मया गजयूथस्य समीपे स्थित्वा वक्तव्यम् । यतः गजः स्पृशन् अपि हन्ति अतो अहं पर्वतशिखरं आरुह्य यूथनाथं संवादयामि ।

९ तथा अनुष्ठिते यूथ-नाथ उवाच । 'कः त्वम् । कुतः समायात । स ब्रूते । शशको

५ बाद शिलीमुख नामक एक ससा सोचने लगा । इस प्यास से त्रस्त हाथियों के समूह ने हर दिन यहां आना है ।

६ इस लिये नाश होता है हमारा परिवार । बाद बिजय नामक बूढ़ा ससा बोला ।

७ 'न दुःख कीजिये मैंने यहां प्रतिबंध करना है, पश्चात यह प्रतिज्ञा करके चला

८ जाते हुवे उसने सोचा । किस प्रकार मैंने हाथियों के समूह के पास रहकर बोलना क्योंकि हाथी स्पर्श करके ही मारता है । इस कारण मैं पहाड़ की चोटी पर चढ़ कर हाथियों के समुदाय के स्वामी के साथ बोलूंगा ।

९ वैसा करने पर समूह का स्वामी बोला । 'कौन तू । कहां से आया, । वह बोलता है ।

---

६ पिपास + आकुल । ७ प्रति + अहं । ८ ततः + असौ ।
९ शशकः + अहं ।

३ निमज्जनस्थानम्——निमज्जनाय स्थानं निमज्जनस्थानम् ।

४ तत्तीरावस्थिताः—तस्य तीरं तत्तीरं । तत्तीरे अवस्थिताः तत्तीरावस्थिताः ।

५ अस्मत्कुलम्———अस्माकं कुलं अस्मत्कुलम् ।

६ चंद्रसरोरक्षकाः ———चंद्रस्य सरः चन्द्रसरः चन्द्रसरसः रक्षकाः चंद्रसरोरक्षकाः ।

७ अज्ञानं———न ज्ञानं अज्ञानम् ।

८ वारान्तरं———अन्यः वारः वारान्तरम् ।

९ देशान्तरं———अन्यः देशः देशान्तरम् ।

१० ग्रामोन्तरं———अन्यः ग्रामः ग्रामान्तरम् ।

१० दसमः पाठः ।

इन्नतः पुंल्लिंगः 'करिन्' शब्दः

(१)	करी	करिणौ	करीणः
सं०	(हे) करिन	(हे) ,,	(हे) ,,
(२)	करिणम्	,,	,,
(३)	करिणा	करिभ्याम	करिभिः
(४)	करिणे	,,	करिभ्यः
(५)	करिणः	,,	,,
६	,,	करिणोः	करिणाम्
७	करिणि	,,	करिषु

इस प्रकार 'हस्तिन् (हाथी), दण्डिन् (दण्डी), शृंगिन (सींगवाला), चक्रिन (चक्रवाला), स्रग्विन् (मालाधारी) इत्यादि शब्द चलते हैं। पाठकों को चाहिये कि वे इन शब्दों को चलाकर अपना अभ्यास दृढ़ करें।

वस्वन्तः पुल्लिंगो 'विद्वस्, शब्दः।

१	विद्वान	विद्वांसौ	विद्वांसः
सं०	[हे] विद्वन	[हे] "	[हे] "
२	विद्वांसं	"	विदुष.
३	विदुषा	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भिः
४	विदुषे	"	विद्वद्भ्यः
५	विदुषः	"	"
६	"	विदुषो:	विदुषाम्
७	विदुषि	"	विद्वत्सु

इस शब्द के समान 'तस्थिवस् (खड़ा', सेदिवस् (बैठा हुआ), शुश्रुवस् [सुनने वाला], दाश्वस् (दाता) मीढ्वस् (सिंचक) जगन्वस् (संचारक) इत्यादि वसवंत शब्द चलते हैं। जिनके अंत में वस प्रत्यय होता है उनको वस्वंत शब्द कहते हैं॥

संस्कृत में एक शब्द के समान ही कई शब्दों के रूप हुवा करते हैं। जब पाठक एक शब्द को स्मरण करेंगे (तब) उनको उसके समान शब्द के रूप बनाने की शक्ति आजायगी इसी प्रकार कई एक पुंलिंगी शब्दों के रूप बनाने में पाठक

इस समय तक योग्य हो गये हैं। अकारान्त, इकारान्त, उकारान्त, ऋकारान्त, अन्नन्त, इन्नन्त, वस्वन्त, नान्त इतने पुंल्लिंगी शब्द पाठकों को स्मरण हो चुके हैं और इनके समान शब्दों के रूप अब पाठक बना भी सकते हैं। पुंल्लिंगी शब्दों में मुख्य मुख्य अब दो चार शब्द देने हैं। तत्पश्चात् कुछ सर्व नाम के रूप बता कर नपुंसकलिंगी शब्दों के रूप दिखलाने हैं। इस लिये पाठकों से सविनय निवेदन है कि वे देरी की पर्वाह न करते हुये हर एक पाठ को पक्का बना कर आगे बढ़ें, नहीं तो आगे ऐसा समय आवेगा कि न तो पिछला स्मरण है और न आगे कदम बढ़ सकता है।

संस्कृत स्वयं शिक्षक में जो पढ़ाई का क्रम दिया है वह बहुत ही सुगम है, जो पाठक प्रत्येक पाठ लक्ष्यपूर्वक दस बार पढ़ेंगे उनको सब बातें कण्ठ हो जायेंगी, इसमें कोई संदेह नहीं, परन्तु पाठकों के पुरुषार्थ की भी आवश्यकता है, उसके बिना कार्य नहीं चलेगा। अस्तु। अब कुछ व्याकरण के नियम देते हैं:—

विसर्ग :

१६ नियम—क, ख, प, फ के पूर्व जो विसर्ग आता है वह जैसा का वैसा ही रहता है। जैसे: – दुष्टः पुरुषः। कृष्णः कसः। गतः खगः। मधुरः फलागमः।

१७ नियम—पदान्त के विसर्ग का च, छ के पूर्व श् बनता है; ट, ठ के पूर्व ष बनता है, और त, थ के पूर्व स् बनता है। जैसाः—

पूर्णः + चंद्रः—पूर्णश्चंद्रः
हरेः + छत्रम्—हरेश्छत्रम
रामः + तत्र—रामस्तत्र
कवेः + टीका—कवेष्टीका

१८ नियम—पदान्तके विसर्गके सन्मुख 'श, ष, स, आने से विसर्ग का श, ष, स, बनता है, परन्तु किसी समय विसर्ग ही कायम रहता है। जैसेः——

धनंजयः + सर्वः = धनञ्जयस्सर्वः (अथवा) धनंजयः सर्वः
देवाः + षट् = देवाष्षट् ,, देवाः षट्
श्वेतः + शंखः = श्वेतश्शंखः ,, श्वेतः शंख

ये नियम अच्छी प्रकार ध्यान में आने के पश्चात निम्नलिखित शब्दों का स्मरण कीजियेः——

शब्द-क्रियापद

निश्चिक्युः—निश्चय किया (उनोंने)
त्रुट्यन्ति—टूटेंगे (वे)
ऊचुः—कहा (उनोंने)
कुर्यात्—करें
चर्वामः—चर्वण करें (हम)
अशुष्यन्ः—दुबले हो गये (वे) सूख गये
संगृह्णीमः—संग्रह करते हैं (हम)

रचयामास— रचा (वह)
क्लिश्नीमः— तकलीफ होती है (हम)
अमित्वा—थककर
उन्मीलित—खुले
विदध्मः—(हम) करते हैं
श्राम्यामः — थकते हैं
अकृत्वा— न करके
अमंत्रयन्त—विचार किया
संप्रधार्य— देखकर

शब्द—पुंल्लिंगी

दण्डिन्—संन्यासी, दण्डधारी
शृंगिन्—सींग जिसको हैं
चक्रिन्—चक्रधारी
स्रग्विन—मालाधारी
अवयवः—शरीर का हिस्सा
अमात्यः—दीवान साहब
तस्करः—चोर
ग्रासः—कौर, टुकड़ा
दन्तः—दांत
भंगः—टूटना
अतिक्रमः—उल्लंघन
संकोचः—मिटना

व्ययः—खर्च
करिन्—हाथी
हस्तिन्—,,
बलिः—राजा का कर
भागधेयः—,,
आयासः—परिश्रम
आत्मन—अपना, आत्मा
कृमिः—कीड़ा
उपद्रवः—कष्ट
अनुरोधः—प्रतिबंध
आवासः—निवास स्थान
प्रमाथः—अन्याय

स्त्रीलिंगी

मर्यादा—हद
राजधानी—राजा का नगर

अंगुलिः—अंगुली
नगरी—शहर

नपुंसकलिंगी

उदरं—पेट
सुखं—सुख
धुम्नं—धन, शक्ति

लुंठनं—लूट
मर्म—मरना
दुःखं—तकलीफ

अन्य

अद्ययावत—आज तक	सशपथम्—शपथपूर्वक
अद्यप्रभृति—आज से	व्ययोपयोगार्थं—खर्च केलिये

वाक्य

संस्कृत	भाषा
(१) वानरा[1] वृक्षे तिष्ठन्ति।	बंदर वृक्षपर ठहरते हैं।
(२) सर्पो वनम[2]गच्छत।	सांप बन में गया।
(३) मम शरीरं ज्वरेण कृशं जातम्।	मेरा शरीर ज्वर से कमजोर हुआ है।
(४) कुमारस्य एकः शुचिःकरो[3]ऽस्ति तथा अन्यो[4] न।	लड़के का एक हाथ शुद्ध है तथा दूसरा नहीं।
(५) मया सह तौ कुमारौ नगरं गच्छतः।	मेरे साथ वे कुमार शहर जाते हैं।
(६) अहं तत्र यामि यत्रपंडिता वसंति।	मैं वहां जाता हूं जहां पंडित लोग रहते हैं।
(७) यस्य बुद्धि[6]र्बलमपि तस्यैव	जिसकी बुद्धि (होतीहै) शक्ति भी उसी की है।
(८) खगा[7] वृक्षा[8]डुड्यन्ते	पक्षि वृक्ष से उड़ते हैं।
(९) तस्य हस्तान्[9]माला पतिता	उसके हाथोंसे माला गिरी है
(१०) तत्र नैव गमिष्यामि	वहा नहीं जाऊगा,

१ वानराः+वृक्षे। २ वनं+अगच्छत। ३ करः+अस्ति। ४ अन्यः+न। ५ पंडिताः+वसन्ति। ६ बुद्धिः+बलं। ७ खगा+वृक्षात। ८ वृक्षात+डयन्ते। ९ हस्तात+माला।

[७] उदराऽवयवानां कथा ।

(१) एकदा हस्तपादावयवाः व्यचिंतयन् । यद्[1] वयं आम्यामः संगृह्णीमश्च[2] ।

(२) इदं उदरं आयासान् अकृत्वा सुखं खादति ।

(३) यद्[3] अद्ययावज्जातं तद् अस्तु नाम । अद्य प्रभृति इदं अमित्वा आत्मनो[4] भर्मकुर्यात न अस्माकं अनेन प्रयोजनम ।

(४) एवंसशपथंसर्वे निश्चिक्युः । हस्तौ ऊचतुः । यदि अस्य उदरस्य अर्थे अंगुलि अपि चालयेव, त्रुटयन्तु नो[5] अखिलांगुलयः ।

[१]पेट और अवयवों की कथा ।

(१) एक समय हाथ पांव आदि अवयव सोचने लगे । कि हम थकते हैं और भोजन आदि इकट्ठा करते हैं ।

(२) परन्तु यह पेट श्रम न करके आराम से खाता है ।

(३) इसलिये आजतक जो हुवासो हुवा । आज से यह (पेट) श्रमकर के अपना भरणपोषण करेगा । नहीं हमारा इस से (कोई) वास्ता ।

(४) इस प्रकार शपथपूर्वक सबने निश्चय किया । हाथ बोलने लगे । अगर इसपेटके लियेअंगुलिभी चलायेंगे,टूट जांय हमारी सब अंगुलियां,

---

१ यत्+वयं । २ गृह्णीमः+च । ३ यावत+जातं ४ आत्मनः+भर्म । ५ नः+अखिल+अंगुलयः ।

(५) मुखं उवाच । अहं शपथं करोमि । यदि अस्य अर्थं एकं अपि ग्रासं गृह्णामि कृमयः आक्रमन्तु माम् ।

५ मुख बोला । मैं शपथ करता हूं । अगर इसके लिये एक भी कौर लूंगा, कीड़े चले आयं मेरे पास ।

(६) दन्ता ऊचुः [६] । यदि अस्य कृते ग्रासं चर्वामो [७] भंगः उपैतु अस्मान् ।

६ दांत बोले । अगर इस के लिये एक टुकड़ा भी चर्वण करें तो टूटना आजाय हमारे पास ।

(७) एवं शपथेषु कृतेषु योनिश्चयः [८] कृतस्तस्य पालनं आवश्यकं बभूव ।

७ इस प्रकार शपथ कर जो निश्चय किया उसका पालन अवश्य हुवा ।

(८) एवं जाते सर्वे अवयवाः अशुष्यन् । अस्थिचर्म-मात्रं अवाशिनट् ।

८ इस प्रकार होने पर सब अवयव सूख गये । हड्डी चमड़ा ही केवल शेष रहा ।

(९) तदा "न साधु कृतं अस्माभिः„ इति सर्वेषां चक्षुषी उन्मीलिते । उदरेण बिना वयं अगतिकाः ।

९ तब 'नहीं ठीक किया हमने ऐसे सब के आंख खुल गये । पेट के बिना हम अशरण हैं ।

---

६ दन्ताः + ऊचुः । चर्वामः + भंगः । ८ कृतः + तस्य

(१०) तत् स्वयं न श्राम्यति । वरं यावद् वयं तस्य पोषं विदध्मः तावद् अस्माकं पोषणं भवति इति सर्वे सम्यग् जज्ञिरे ।

१० वह पेट स्वयं नहीं श्रम करता, परन्तु जब हम उसका पोषण करते हैं तब हमारा पोषण होता है ऐसा सबने ठीक प्रकार जान लिया ।

(११) तात्पर्यम्—कस्मिंश्चित् काले एकस्यां राजधान्यां चिर युद्ध प्रसंगात् राज्ञः कोशागारे धनसंकोच समुत्पन्ने स राजा प्रजाभ्यो बलिं जग्राह

११ तात्पर्य-किसी एक समय में एक राजधानी में हमेशा युद्ध होने के कारण राजा के खज़ाने में पैसा कम होने पर उस राजा ने प्रजाओं से कर लिया,

(१२) तत् प्रजा नाभिमेनिरे ता 'उपद्रवोऽयं, इति गणयित्वा नगराद् बहिः आवासं रचयामासुः ।

१२ वह प्रजा ने माना नहीं वे 'कष्ट यह(है)' ऐसा मानकर शहर के बाहर रहने का (गृहादि) रचने लगे ।

(१३)तत्र वर्तमानाभिः ताभिः संहतिः कृता । ता मिथो अमंत्रयन्त । वयं क्लिश्नीमः। राजा तु अस्मत् किमिति मुधा गृह्णाति ।

१३ वहां रहते हुए उन्होंने एकता की । वे परस्पर सलाह किया करते थे । हम क्लेश पाते हैं । राजा हम से किस लिये व्यर्थ (कर) लेता है ।

---

६ उपद्रवः+भय ।

१४ अतः परं न वयं राज्ञे किं अपि दास्यामः। इति सर्वा निश्चिक्युः ।

१५ तासां एवं निर्णयं संप्रधार्य राजाऽऽत्मनोऽमात्यं तान प्रति प्रेषयामास ।

११
१६ सोऽमात्यः प्रजाभ्यः 'उदरावयवानां कथां' निवेद्य तासां आनुकूल्यं प्राप । राजा
१२
प्रजाश्च सुखं अन्वभवन् ।

१७ यदि वयं राज्ञे भागधेयं न दद्याम,तस्य व्ययोपयोगाय धनंनशिष्यते। एवं समापतिते
१३
तस्करा बद्धपरिकरा दिवाऽपि लुण्ठनं विधास्यन्ति ।

१४
१८ एकोऽन्यं न अनुरोत्स्यते
१५
मर्यादोतिक्रमः प्रमाथाश्च उद्भविष्यन्ति । राजा प्रजाश्च समं एव नशिष्यन्ति ।

१४ इसके बाद नहीं हम राजा के लिये कुछ भी देंगे। ऐसा सबने निश्चय किया।

१५ उनका यह निर्णय देखकर राजाने अपना मंत्री उनके पास भेजा।

१६ उस मंत्री ने प्रजाओं को 'पेट तथा अवयवों की कथा' सुनाकर उनकी अनुकूलता प्राप्त करली। राजातथा प्रजा सुख को अनुभव करने लगे।

१७ अगर हम राजा के लिये कर न देंगे, उसके खर्च के लिये धन नहीं बचेगा। इस प्रकार होने पर चोर कटिवद्ध होकर दिन में भी लूटा करेंगे।

१८ एक दूसरे को नहीं मानेगा। मर्यादा का उलंघन तथा कष्ट होंगे। राजा व प्रजा एक ही समय नाश होंगे।

१०राजा + आत्मनः। ११सः + अमात्यः। १२प्रजाः + च। १३तस्कराः + बद्धपरिकराः + दिवा + अपि। १४एकः + अन्यं। १५प्रमाथाः + च।

समास—विवरणम् ।

१ हस्तपादाद्यवयवाः—हस्तश्च पादश्च हस्तपादौ। हस्तपादौ आदी येषां ते हस्तपादादयः। हस्तपादादय अवयवाः ।

२ आनुकूल्यं——— अनुकूलस्य भावः आनुकूल्यम् ।

३ वद्धपरिकराः——— बद्धाः परिकरा यैः बद्धपरिकराः ।

४ मर्यादातिक्रमः——— मर्यादाया अतिक्रमः मर्यादातिक्रमः ।

५ सशपथं——— शपथेन सह सशपथम्

परीक्षा के प्रश्न ।

(पाठकों को उचित है कि वे इन प्रश्नों का उत्तर देकर आगे बढ़ें। अगर उत्तर न दे सकें तो पिछला हिस्सा दुबारा पढ़ें)

१ निम्न शब्दों के सब विभक्तियों के रूप लिखिये—
हृषीकेशः। कविः । क्रतुः । कर्तृ । युवन्। दण्डिन् ।
दाश्वस्। रामः । भूपः । भूपतिः । यशस्विन्। स्रग्विन ।

२ निम्न शब्दों के सब विभक्तियों के एक बचन के रूप झटपट लिखिये—

आनन्दः। केशः । रविः। निधिः। विष्णुः । जिष्णुः। भर्तृः । गंतृः। चक्रिन । दण्डिन्। विद्वस् । जगन्वस्।

३ निम्न शब्दों का षष्ठी का बहुबचन लिखिये ।
यशपालः । गंगाधरः । पाठकः । वाचकः । दर्शकः । शंभुः ।
वायुः। अग्निः। भूपतिः । हस्तः । कर्णः । करिन् । हस्तिन ।

४ निम्न शब्दों के संधि कीजिये

दुग्धं + दर्शय	विद्यां + पठ
सत्यं + पश्य	अश्वं + चालय
कृत्यं + कुरु	नित्यं + धारय
नगरं + गच्छ	धर्म + चर

५ निम्न जुड़े हुवे संधियों को खोलकर लिखिये:—

आमरक्षकास्त्वया निहताः ।

गृहाद्बहिर्बालाश्चरन्ति ।

अद्यैष रथो योजनीयः ।

अश्वपतिर्नलमुवाच ।

एतद्दृष्टन्त्वयाऽधुना ।

६ निम्न वाक्यों का संस्कृत बनाइये

मैं सवेरे उठकर संध्या करता हूं ।

जो निश्चय किया उसका पालन करना अवश्य हुवा ।

वह झूठ नहीं बोलता

भूखे लोगों ने अवश्य आना है । (क्षुधाकुलः = भूखा)

सुनो जो अब मैं बोलता हूं ।

७ मुनि और मूषक की कथा तीन बार पढ़कर संस्कृत में लिखिये ।

८ निम्न समासों का विवरण लिखिये

वारान्तरम । सबंधुः । सशपथं । देशान्तरं । वस्त्राच्छादितः । मंत्रद्रष्टा । दुग्धपानं । अश्वपृष्टं । धर्मचर्या । अनुकूलता ।

११ एकादशः पाठः

तकारान्तः पुंल्लिंगो 'धीमत्' शब्दः

१	धीमान	धीमन्तौ	धीमन्तः
सं० 'हे'	धीमन्	हे ,,	हे ,,
२	धीमन्तम्	,,	धीमतः
३	धीमता	धीमद्भ्याम्	धीमद्भिः
४	धीमते	,,	धीमद्भ्यः
५	धीमतः	,,	,,
६	,,	धीमतोः	धीमताम्
७	धीमति	,,	धीमत्सु

'धीमत्' शब्द 'मत्' प्रत्यय वाला है। 'मत्' प्रत्ययवाले तथा 'वत्, यत्' प्रत्यय वाले शब्द इसी प्रकार चलते हैं।

मत् प्रत्यय वाले शब्द—श्रीमत्, बुद्धिमत्, आयुष्मत्, इ०

वत् प्रत्यय वाले शब्द—भगवत्, मघवत्, (सर्वनाम) भवत्, यावत्, तावत् एतावत् इ०

यत प्रत्यय वाले शब्द कियत्, इयत् इ०

ये सब शब्द पुल्लिंग में धीमत् शब्द के समान ही चलते हैं। पाठकों को उचित है कि वे इस शब्द की ओर विशेष ध्यान दें। संस्कृत में मत्, वत्, प्रत्यय वाले शब्द बहुत हैं और उनका उपयोग भी बारम्बार होता है इसलिये इन शब्दों को ठीक स्मरण रखना चाहिये। अगर पाठक कंठ करने की अपेक्षा शब्दों की

विशेषता की ओर ध्यान देंगे और उस विशेषता को ध्यान में रखेंगे तो उनका कार्य बहुत शीघ्र और सुगमता पूर्वक होगा।

कौनसी विभक्ति के कौन से बचन के रूप समान होते हैं, कौन से विभक्ति के बचन में किस प्रकार का विशेष कहां उत्पन्न होता है यही बातें स्मरण रखने की होती हैं। जहां २ समान रूप आते हैं वहां वहाँ इस पुस्तक में [,,) ऐसा चिन्ह दिया हुवा है। जिससे पता लगेगा कि वहाँ का रूप पूर्व विभक्ति के समान ही है। अस्तु।

तकारान्तः पुल्लिंगो 'महत्' शब्दः

१	महान्	महान्तौ	महान्तः
सं०	हे महन्	हे ,,	हे ,,
२	महान्तं	,,	महतः
३	महता	महद्भ्याम्	महद्भिः
४	महते	,,	महद्भ्यः
५	महतः	,,	,,
६	महतः	महतोः	महताम्
७	महति	,,	महत्सु

पूर्वोक्त धीमत् और महत् शब्द में विशेष यह है कि, धीमत् शब्द के (प्रथमा का एक बचन छोड़कर) प्रथमा, संबोधन और द्वितीया के रूपों में म का मा नहीं होता है। परन्तु महत् शब्द के रूपों में ह का हा होता है। जैसाः—

(१)	धीमान्	धीमन्तौ	धीमन्तः-प्रथमा
(१)	महान्	महान्तौ	महान्तः-प्रथमा

इसी प्रकार अन्यान्य विशेष पाठकों को जानने चाहियें। अब कुछ सन्धि के नियम देते हैं:--

१६ नियम-'सः' शब्द के अन्त का विसर्ग, अ के सिवाय कोई अन्य वर्ण सन्मुख आने पर, लुप्त होजाता है:-

सः	+	आगतः	=	स आगतः
सः	+	गच्छति	=	स गच्छति
सः	+	श्रेष्ठः	=	स श्रेष्ठः

'सः' के सामने अ आने से दोनों का 'सोऽ' बनता है। (देखो नियम ११ पाठ ७ पृष्ठ ७५) जैसा.-

सः	+	अगच्छत्	=	सोऽगच्छत
सः	+	अवदत्	=	सोऽवदत्
सः	+	अस्ति	=	सोऽस्ति

२० नियम-जिसके पूर्व अकार है ऐसे पदान्त के विसर्ग के पश्चात मृदु व्यञ्जन आने से, उस अकार और विसर्ग का 'ओ' बनजाता है॥ जैसा.-

मनुष्यः	+	गच्छति	=	मनुष्योगच्छति
अश्वः	+	मृतः	=	अश्वोमृतः
पुत्रः	+	लब्धः	=	पुत्रो लब्धः
अर्थः	+	गतः	=	अर्थो गत :

२१ नियम—जिसके पूर्व आकार है ऐसा पदान्त का विसर्ग, उसके सन्मुख स्वर अथवा मृदुव्यंजन आने से, लुप्त हो जाता है। जैसाः-

मनुष्याः	+	अवदन्	=	मनुष्या अवदन्
असुराः	+	गताः	=	असुरा गताः
देवाः	+	आगताः	=	देवा आगताः
वृद्धाः	+	नष्टाः	=	वृद्धा नष्टाः

२२ नियम—अ-आ को छोड़ कर अन्य स्वरों के बाद आने वाले विसर्ग का र बनता है, अगर उनके सन्मुख स्वर अथवा मृदुव्यंजन आया हो। जैसा

हरिः	+	अस्ति	=	हरिरस्ति
भानुः	+	उदेति	=	भानुरुदेति
कवेः	+	आलेख्यम्	=	कवेरालेख्यम्
ऋषिपुत्रैः	+	आलोचितम्	=	ऋषिपुत्रैरालोचितम्
देवैः	+	दत्तम्	=	देवैर्दत्तम्
हरेः	+	मुखम्	=	हरेर्मुखम्
हस्तैः	+	यच्छति	=	हस्तैर्यच्छति

विसर्ग के पूर्व अ अथवा आ आने पर नियम २० तथा २१ के अनुसार संधि होंगे।

२३ नियम—र व्यंजन के सामने र व्यंजन आने से पहिले र का लोप होता है और उस लुप्त रकार का पूर्व स्वर दीर्घ होता है, जैसाः—

ऋषिभिः	+	रचितम्	=	ऋषिभी रचितम्
भानुः	+	राधते	=	भानू राधते
शस्त्रैः	+	रक्षितम्	=	शस्त्र रक्षितम्
हरेः	+	रक्षकः	=	हरे रक्षकः

पाठकों को चाहिये कि वे इन संधि नियमों को बारम्बार पढ़कर ठीक २ स्मरण रखें। यद्यपि संधि न किया हुआ संस्कृत अशुद्ध नहीं समझा जाता, तथापि प्राचीन पुस्तकें पढ़ने के लिये संधि नियमों के परिज्ञान के सिवाय काम नहीं चल सकता। तथा नियमानुसार प्रगल्भ संस्कृत बोलने के लिये स्थान २ पर संधि करने की आवश्यकता होती है। इस लिये पाठकों को संधि नियमों की ओर दुर्लक्ष्य नहीं करना चाहिये।

शब्द—पुंलिंगी।

चरन्—घूमने वाला

कुशः—दर्भ, घास

लोभः—लालच

अर्थः—द्रव्य, पैसा

एतावान्—इतना

विश्वासभूमिः—विश्वास का स्थान

दाराः—स्त्री (यह शब्द बहुवचन में चलता है।

पान्थः—प्रवासी, पथिक

संदेहः—संशय

आत्मसंदेहः—अपने विषय में संशय

लोकापवादः—लोकों में निंदा

भवान्—आप

विरहः—रहित होना

गतानुगतिकः-अंध परंपरासे चलने वाला | यत्नः—प्रयत्न
बधः—हनन
शः—कुल
मूर्ध्नि—शिर में

महापंकः—बड़ा कीचड़
पंक—कीचड़
मूर्धन्—शिर

स्त्रीलिंगी

प्रवृत्तिः—प्रयत्न, पुरुषार्थ
यौवनदशा—जवानी

भार्या—स्त्री, धर्मपत्न
दशा—अवस्था

नपुंसकलिंगी

भाग्यं—सुदैव
कंकणं—चूड़ी (हाथोंमेंडालने वाली)
शीलं—स्वभाव

सरः—तालाब
तीरं—किनारा
अर्जनं—कमाना
ललाटं—शिर
तद्वचः—उसका भाषण

विशेषण।

समीहित—उत्तम
अनिष्ट—जो इष्ट नहीं
भद्र—कल्याण
वंशहीन—जिसका कुलमरा है
अधीत-अध्ययन किया हुआ

आलोचित-देखा
विधेय-करने योग्य
मोरात्मक-हिंसा करने वाला
गलित-गला हुआ
हस्तस्थ-हाथ में रखा हुवा

प्रतीत—विश्वासित

धृत—धरा हुवा

आदिष्ट—आज्ञपित, आज्ञा की

निमग्न—डूबा हुआ

दुर्गत—बुरी अवस्था में फसा हुआ

अक्षम—असमर्थ

दुर्वृत्त—दुराचारी

दुर्निवार—दूर करने केलिये कठिन

सयत्न—प्रयत्नशील

अन्य ।

अविचारितं—विचार न करके

तुभ्यं—तुमको

किंतु—परन्तु

अहह—अरेरे

प्राक्—पहिले

प्रकाशं—बाहर

क्रिया ।

प्रसार्य—फैला कर

उपगम्य—पास जाकर

गृह्यतां—लीजिये

संभवति—संभव है

निरूपयामि—देखता हूं

अपश्यं—देखा

पलायितुं—दोड़ने के लिये

प्रोज्झितुं—फैंकने के लिये

आसम्—[मैं] था

चरतु—करे, चलाय

उत्थापयामि—उठाता हुं

८ विप्र-व्याघ्रयोः कथा ।

(१) अहमेकदा[1] दक्षिणारण्ये चरन् अपश्यम्[2] । एको वृद्ध-व्याघ्रः स्नातः कुशहस्तः सरस्तीरे ब्रूते ।

(२) भो भो पान्थाः । इदं सुवर्ण-कंकणं गृह्यताम्[3] । ततो लोभाकृष्टेन केनचित् पान्थेना[4]लोचितम् ।

(३) भाग्यनैतत्[5] संभवति । किंतु अस्मिन् आत्म संदेहे प्रवृत्तिर्न[6] विधेया ।

(४) यतो[7] जातेऽपि समीहित-लाभे अनिष्टाच्छुभा[8] गतिः न जायते ।

८ ब्राह्मण और शेर की कथा ।

(१) मैंने एक समय दक्षिण अरण्य में घूमते हुये देखा । कि एक बूढ़ा शेर स्नान करके दर्भ हाथ में धर कर तालाब के तीर पर बोलता है

(२) हे पथिको यह सोने की चूड़ी लीजिये । बाद लोभ से खेंचे हुवे किसी पथिक ने सोचा ।

(३) कि सुदैव से यह संभव होता है । परन्तु इस आत्मा के संशय(वाले कार्य)में प्रयत्न नहीं करना चाहिये ।

(४) कारण अच्छा लाभ होने पर भी अनिष्टसे अच्छा परिणाम नहीं होता है ।

---

१ अहं+एकदा । २ एकः+वृद्धः ३ ततः+लोभ । ४ पान्थेन+आलो० । भाग्येन+एतत् । ६ प्रवृत्तिः+ न । ७ यतः +जाते । ८ अनिष्टात्+ शुभा ।

(५) किन्तु सर्वत्र अर्थार्जने प्रवृत्तिः संदेह एव । उक्तं च संशयं अनारुह्य नरो भद्राणि न पश्यति ।

(५) परन्तु सब जगह पैसा कमाने में प्रयत्न संशय वाला ही है । कहा ही है कि संशय के ऊपर चढ़ने बिना मनुष्य कल्याण को नहीं देखता ।

(६) तत् निरूपयामि तावत् । प्रकाशं ब्रूते । कुत्र तव कंकणम् व्याघ्रो हस्तं प्रसार्य दर्शयति ।

(६) इसलिये देखता हूं तो बाहर(खुले आवाजमें)बोलता है । कहां तेरी चूड़ी । शेर हाथ खोलकर बताता है ।

(७) पान्थोऽवदत्[9] । कथं मारात्मके त्वयि विश्वासः । व्याघ्र उवाच[10] । शृणु रे पान्थ । प्राग् एव यौवनदशायां अति दुर्वृत्त आसम् ।

(७) पथिक बोला । किस प्रकार हिंसारूप तेरे में विश्वास (हो सकता) शेर बोला सुन रे पथिक ! पहिले ही जवानी में मैं बहुत दुराचारी था ।

(८) अनेक—गो—मानुषाणां वधान्मृता[11] मे पुत्राः दाराश्च । वंशहीनश्च[12] अहम् ।

(८) बहुत गौवों, मनुष्यों के वध से मर गये मेरे पुत्र और स्त्रियां और वन्शरहित मैं (हुवा) ।

---

९ पान्थः + अवदत् । १० व्याघ्रः + उवाच ११ वधात् + मृता । १२ हीनः + च ।

(९) ततः केनचिद् धार्मि-
१३
केणाहं आदिष्टः। दानधर्मा-
दिकं चरतु भवान्।

(९) बाद किसी धार्मिक ने मुझे कहा। दान धर्मादिक कीजिये आप।

१४
(१०) तदुपदेशादिदानीं अहं स्नानशीलो दाता बृद्धो गलितनख—दन्तोनकंथ विश्वास भूमिः

(१०) उसके उपदेश से अब मैं स्नानशील, दाता, बुड्ढा, जिसके नाखून और दांत गले हैं क्यों नहीं विश्वास योग्य।

(११) मम च एतावान् लोभ-
१५
विरहो येन स्वहस्तस्थं अपि सुवर्णकंकणं यस्मै कस्मै चिद् दातुं इच्छामि।

(११) मेरा और इतना लोभ से छुटकारा (है कि) जिससे अपने हाथ का भी सोने का कंकण जिस किसी को भी देना चाहता हूं।

(१२) तथापि व्याघ्रो मानुषं खादति इति लोकापवादो दुर्निवारः। यत. लोकः गतानुगतिकः। मया च धर्मशास्त्राणि अधीतानि।

(१२) तथापि शेर मनुष्य को खाता है ऐसी लोगों में निंदा है (वह दूर होनी कठिन)। क्योंकि लोग अंधविश्वासी हैं। और मैंने धर्म शास्त्र पढ़े हैं।

---

१३ धार्मिकेण+अहं। १४ देशात्+इदानीं १५ विरह+येन।

(१३) त्वं च अतीव दुर्ग-[१६]तस्तेन तुभ्यं दातुं सयत्नो[१७]ऽहम्। तदत्र[१८] सरसि स्नात्वा सुवर्ण-कंकणं गृहाण।

(१३) और तू बहुत बुरी हालत में है इस लिये तुमको देने के लिये प्रयत्न कर रहा हूं मैं। तो इस तालाबमें स्नान करके सोने की चूड़ी लो।

(१४) ततो यावद् असौ तद्व-चः प्रतीतोलोभात्सरः स्नातुं प्रविशति, तावत् महापंके निमग्नः, पलायितुं अक्षमः।

(१४) बाद जब वह उसके भाषण पर विश्वास कर लोभ से तालाब में स्नान के लिये प्रविष्ट हुवा तब बड़े कीचड़ में फंसा और भागने के लिये असमर्थ हुवा।

(१५) पँके पोततं दृष्ट्वा व्या-घ्रोऽवदत्। अहह महापंके पतितोऽसि। अतः त्वां अहं उत्थापयामि।

(१५) कीचड़ में फंसा हुवा देखकर शेर बोला। अरे रे, बड़े कीचड़ में फंस गये हो। अब तुमको मैं उठाता हूँ।

